Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 88 | जयपुर, सोमवार, 02 सितम्बर 2024 | पृष्ठः8 मूल्यः ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### राष्ट्रपति बोलीं- पेंडिंग केस ज्यूडिशियरी के लिए बड़ा चैलेंज

# जब रेप जैसे मामलों में तत्काल न्याय नहीं मिलता तो लोगों का भरोसा उठ जाता है

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार (1 सितंबर) को कहा कि पेंडिंग केस और बैकलॉग न्यायपालिका के लिए बड़ा चैलेंज हैं। जब रेप जैसे मामलों में कोर्ट का फैसला एक पीढ़ी गुजर जाने के बाद आता है, तो आम आदमी को लगता है कि न्याय की प्रक्रिया में कोई संवेदनशीलता नहीं बची है। राष्ट्रपति मुर्मू नई दिल्ली के भारत मंडपम में नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ डिस्ट्रिक्ट ज्यूडिशियरी के वैलेडिक्टरी इवेंट में शामिल हुई थीं। यहीं पर उन्होंने यह बात कही। इस इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और कानून एवं न्याय के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट का फ्लैग और चिह्न भी जारी किया। मुर्मू ने कहा कि मुझे बताया गया है कि सही समय पर प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, प्रशिक्षण और मैनपावर में हाल के समय में सुधार हुआ है। लेकिन इन क्षेत्रों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। मैं यह देखकर खुश हूं कि बीते कुछ साल में सिलेक्शन कमेटी में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। इसके चलते सिलेक्शन कमेटी में महिलाओं की संख्या में 50% का इजाफा हुआ है। अभी हमारी न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं, जिसके लिए सभी जिम्मेदार लोगों को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने 'सभी के लिए न्याय' का टारगेट रखा है।



## मुर्मू बोलीं- न्याय की रक्षा करना सभी जजों की जिम्मेदारी

मुर्मू ने कहा कि न्यायालयों में तत्काल न्याय मिल सके इसके लिए हमें मामलों की सुनवाई को आगे बढ़ाने के कल्चर को खत्म करना होगा। इसके लिए सभी जरूरी प्रयास किए जाने चाहिए। इस देश के सारे जजों की यह जिम्मेदारी है वे न्याय की रक्षा करें। राष्ट्रपति ने कहा कि कोर्टरूम में आते ही आम आदमी का स्ट्रेस लेवल बढ़ जाता है। उन्होंने इसे 'ब्लैक कोट सिंड्रोम' का नाम दिया और सुझाव दिया कि इसकी स्टडी की जाए। उन्होंने न्यायपालिका में महिला अफसरों की बढ़ती संख्या पर खुशी भी जताई।उदाहरण के तौर पर सबूत और गवाहों से जुड़े मामलों को न्यायपालिका, सरकार और पुलिस प्रशासन को मिलकर हल करना चाहिए। हमारे सामाजिक जीवन का दुखद पहलू है कि कई मामलों में कई लोग अपराध करने के बाद भी खुलेआम घूमते रहते हैं, जबकि उनके विक्टिम डर में जीते हैं। महिलाओं के लिए हालात और खराब हैं क्योंकि हमारा समाज उन्हें सपोर्ट नहीं करता है।

## राष्ट्रपति ने कहा- न्याय में कितनी देरी सही है, इस पर विचार करने की जरूरत

राष्ट्रपति ने कहा कि गांव के लोग न्यायपालिका को दैवीय मानते हैं, क्योंकि उन्हें वहा न्याय मिलता है। एक कहावत है- भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। लेकिन आखिर कितनी देर हमें इस बारे में सोचना होगा। जब तक किसी को न्याय मिल पाता है, तब तक उनके चेहरे से मुस्कान गायब हो चुकी होती है, कई मामलों में उनकी जिंदगी तक खत्म हो जाती है। इस बारे में गहराई से विचार करने की जरूरत है।

## कानून मंत्री बोले- तारीख पे तारीख कल्चर वाली धारणा गलत

कार्यक्रम में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सभी लोगों को मिलकर ये धारणा खत्म करनी होगी कि भारत में न्यायपालिका 'तारीख पे तारीख कल्चर' से ग्रसित है। अगर ये धारणा टूटती है, तो नागरिकों के बीच न्यायपालिका को लेकर भरोसा मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि केस लंबे समय तक पेंडिंग क्यों पड़े रहते हैं, इसका कड़ाई से एनालिसिस करने किया जाना चाहिए। इसके अलावा अगर एक जैसे मामलों की एक साथ सुनवाई की जाएगी तो इससे कोर्ट में पेंडिंग मामलों को कम करने में मदद मिलेगी। मेघवाल ने कुछ हाईकोर्ट की तारीफ की, जो ऐसे सिस्टम पर काम कर रहे हैं।

### उत्तराखंड में नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी भाजपा नेता गिरफ्तार

# लड़की को टॉफी देकर छेड़ रहा था, पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज, पार्टी ने निष्कासित किया

■ संजीवनी टुडे

अल्मोड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में भाजपा के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है।एसएसपी देवेंद्र पिंचा ने रविवार को बताया कि 14 साल की लड़की से छेड़छाड़ के आरोपी भगवत सिंह बोरा को शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। ये वारदात 24 अगस्त को सल्ट राजस्व क्षेत्र में हुई थी। नाबालिग लड़की बकरी चराने गई थी, तभी आरोपी उसे टॉफी देकर छेड़खानी कर रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले की सूचना 30 अगस्त को मिली थी। इसके बाद आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) और बीएनएस की धारा 74 (महिला पर हमला या आपराधिक बल का इस्तेमाल) के तहत केस दर्ज किया गया। पीड़िता का मेडिकल टेस्ट भी कराया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर भगवत सिंह बोरा को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण महारा ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं पर अत्याचार के मामले में अपने नेताओं को लाइसेंस दे रखा है। यह भगवत बोरा है। खुद को भाजपा मंडल अध्यक्ष बताता था। लोगों से कहा था कि मैं



भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाऊंगा। नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पार्टी को नई ऊंचाई तक ले जाऊंगा। अब वह छेड़छाड़ करते हुए पाया गया है। उत्तराखंड के हल्द्वानी में 10वीं क्लास की एक छात्रा ने अपने टीचर के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट का केस दर्ज कराया है। 16 साल की लड़की का कहना है कि टीचर ने उसके साथ छेड़छाड़ की और वॉट्सऐप और स्नैपचैट पर उसे न्यूड तस्वीरें भेजीं। यह मामला रविवार को सामने आया। हल्द्वानी सर्किल अफसर नितिन लोहानी ने कहा कि एक प्राइवेट स्कूल का टीचर एक स्टूडेंट को सोशल मीडिया पर गंदे मैसेज भेज रहा था। हमें इसकी शिकायत मिली है और हमने जांच शुरू कर दी है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना से दूसरे राज्य में होगा इलाज

# 5 लाख तक मिलता है फ्री ट्रीटमेंट, चिकित्सा मंत्री बोले- मरीज के पास विकल्प होने चाहिए

■ संजीवनी टुडे

जोधपुर। प्रदेश की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के लाभार्थी अब दूसरे राज्य में भी इलाज करवा सकेंगे। अगले 4 महीने में राजस्थान के लोग दूसरे राज्यों के किसी भी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल में इलाज करवा सकेंगे। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जोधपुर में ये बात कही। खींवसर ने कहा- प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के लाभार्थी 4 महीने बाद किसी अन्य राज्य में भी इलाज करा सकेंगे। वहीं 1 महीने बाद अन्य राज्यों के मरीज राजस्थान के किसी भी अस्पताल में इलाज कराने आ सकेंगे। उन्होंने कहा- हम चाहते हैं कि पेशेंट के पास इलाज को लेकर विकल्प हों। इसके लिए हमारी इंश्योरेंस कंपनियों के साथ बात चल रही है। ऐसा होने पर आने वाले समय में प्रदेश के लोग अपने पसंद के डॉक्टर या हॉस्पिटल में इलाज करवा पाएंगे। चिकित्सा मंत्री ने ढाई साल की रेप पीड़िता बच्ची के स्वास्थ्य को लेकर भी डॉक्टर से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस तरह का कृत्य आरोपी ने किया है उसके बारे में हम लोग सोच भी नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में जिस तरीके से आजकल पोर्नोग्राफी साइट ने हमारी सोसाइटी को खराब कर दिया है। हमारे समाज में महिलाओं का सम्मान किया जाता था,



लेकिन दुर्भाग्य से रेप की घटनाएं बढ़ रही है। हालांकि इस मामले में न्यायालय बेहतर काम कर रहा है। न्यायालय इस तरह के मामलों में सख्त निर्णय ले रहा है। खींवसर ने उम्मेद हॉस्पिटल का दौरा किया और चिकित्सा सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने चिकित्सा विभाग के एसीएस को निर्देशित किया है कि हर हॉस्पिटल के हर कोने में सीसीटीवी कैमरे लगे हो। पीएचसी लेवल तक यह काम होना चाहिए, जिससे पूरे अस्पताल की मॉनिटरिंग की जा सके। ब्लैक स्पॉट को खास तौर पर चिह्नित किया जाए। जोधपुर में एसएन मेडिकल कॉलेज में प्रिंसिपल बदलने के सवाल पर चिकित्सा मंत्री ने कहा कि ये अस्थाई है। विभाग में ये वर्किंग अरेंजमेंट हैं। हालांकि उन्होंने कारण बताने से इनकार कर दिया।

## चिकित्सा विभाग में 50 हजार पद भरेंगे

खींवसर ने मीडिया से बातचीत में चिकित्सा विभाग में भर्तियों को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा- सरकार रिक्त पदों को भरने की दिशा में काम कर रही है। चिकित्सा विभाग में कुल 55 हजार पद रिक्त हैं, जिनमें से 50 हजार रिक्त पदों पर भर्तियां नवंबर-दिसंबर तक हो जाएगी, जबकि 5000 पदों की भर्तियां पूरी की जा चुकी है।

## आपस में तय करके ट्रांसफर करवा सकेंगे

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि उनकी ये भी इच्छा है कि जो भी लोग जिस जगह हैं, वो आपस में पद बदल सकते हैं। यानी यदि कोई भरतपुर से जैसलमेर आना चाहता है तो कर्मचारी आपस में तय करके ट्रांसफर करवा सकेंगे। इसके अलावा हमने कैटेगरी वाइज जोन तय किया है, जिसमें एक पोस्ट पर एक ही कर्मचारी काम करेगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में 5 लाख रुपए तक फ्री इलाज मिलता है।

### मॉब लिंचिंग पर राहुल बोले- मुसलमानों पर हमले जारी हैं

# भाजपा सरकार में उपद्रवियों को छूट है, सरकारी तंत्र मूक दर्शक बना हुआ है

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा और महाराष्ट्र की मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि उपद्रवियों को भाजपा सरकार से खुली छूट मिली हुई है, इसीलिए उनमें ऐसा साहस है। अल्पसंख्यकों और खास कर मुसलमानों पर लगातार हमले जारी हैं और सरकारी तंत्र मूक दर्शक बना देख रहा है। राहुल ने आगे कहा कि भाजपा कितनी भी कोशिश कर ले, लेकिन नफरत के खिलाफ भारत जोड़ने की लड़ाई हम जीतेंगे।नाबालिगों को सुधार गृह भेजा गया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा था कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही उन्होंने कहा था कि गोमाता के प्रति लोगों में श्रद्धा है। ऐसे में लोगों को ऐसे कार्य में शामिल नहीं होना चाहिए, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हों। नए क्रिमिनल कानून में मॉब लिंचिंग पर अलग से कानून बनाया गया है। इस कानून के तहत शरीर पर चोट पहुंचाने वाले क्राइम को धारा 100-146 तक का जिक्र है। मॉब लिंचिंग के मामले में न्यूनतम 7 साल की कैद हो सकती है। इसमें उम्रकैद या फांसी की सजा का भी प्रावधान है।



## राहुल बोले- भाजपा देश में डर का माहौल बना रही

राहुल का कहना है कि भाजपा पार्टी नफरत को राजनीतिक हथियार बनाकर सत्ता की सीढ़ी की चढ़ रही है और देश में डर का माहौल बना रही है। भीड़ की शक्ल में अपराधी खुलेआम हिंसा फैला रहे हैं और इन्हें भाजपा सरकार से छूट है। ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राहुल गांधी ने 1 सितंबर की शाम लगभग 7 बजे ट्वीट किया। उन्होंने हरियाणा और महाराष्ट्र की मॉब लिंचिंग की घटनाओं की फोटो भी शेयर की है। महाराष्ट्र में चलती ट्रेन में एक बुजुर्ग से मारपीट की घटना सामने आई। साथी पेसेंजर्स ने बुजुर्ग पर बीफ लेकर चलने का आरोप लगाते हुए उन्हें थप्पड़ मारे और गालियां भी दीं। इस दौरान ट्रेन में बैठे बाकी लोग चुपचाप तमाशा देखते रहे। घटना कुछ दिन पहले इगतपुरी के पास धुले एक्सप्रेस में घटी थी। इसका वीडियो सामने आने के बाद ठाणे जीआरपी ने पांच से ज्यादा पैसेंजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। हरियाणा के चरखी दादरी में गोमांस खाने के शक में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना 27 अगस्त की है। इसका वीडियो शनिवार (31 अगस्त) को सामने आया। वीडियो में कुछ लोग युवक को लाठी-डंडों से पीट रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में 29 अगस्त को 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें दो नाबालिग हैं।

# मणिपुर में फिर हिंसा, गोलीबारी में महिला समेत 2 मौतें

## 9 घायल लोग घायल; लोगों का दावा- ड्रोन से बम गिराए गए

■ संजीवनी टुडे

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में रविवार को उग्रवादियों के हमले में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। महिला की 8 साल की बेटी और एक पुलिस अधिकारी समेत 9 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के ,मुताबिक, उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और कडांगबांड घाटी के निचले इलाकों में फायरिंग की और ड्रोन से भी हमला किया। गांव पर अचानक हुए इस हमले की वजह से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 9 घायलों में से 5 को गोली लगी है, जबकि बाकी को बम के छर्रे लगे हैं। स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हमले में ड्रोन बम का इस्तेमाल हुआ है। पेनियल में भाजपा प्रवक्ता टी माइकल एल हाओकिप के घर पर आग लगा दी गई। हाओकिप ने ड्ढ पर वीडियो शेयर करते हुए आरोप लगाया है कि यह काम कुकी लोगों का है। हाओकिप ने कहा कि पिछले एक साल के अंदर तीसरी बार उनके घर पर हमला हुआ। पिछले हफ्ते भी 30 से ज्यादा हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की थी। हाओकिप के घर पर 10 दिन में यह दूसरा हमला है। उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। कुकी-जो समुदाय के लोगों ने 31 अगस्त को मणिपुर के चुराचांदपुर, कांगपोकपी और टेंग्नौपाल में रैलियां निकालीं। इन संगठनों की मांग है कि मणिपुर में अलग कुकीलैंड बनाया जाए, जो केंद्र शासित प्रदेश हो। इन संगठनों का कहना है कि ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ एक केंद्र शासित प्रदेश बनाना ही राज्य को जातीय संघर्ष से बाहर निकालने का इकलौता रास्ता है। मणिपुर में निकाली गई रैलियों में एख्र बीरेन सिंह के न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू का विरोध किया गया। इंटरव्यू में मुख्यमंत्री ने कुकी समूहों की अलग प्रशासन (कुकीलैंड) की मांग को खारिज कर दिया। सीएम बीरेन ने कहा कि वे राज्य की पहचान को कमजोर नहीं होने देंगे। बीरेन मैतेई समुदाय से आते हैं। जिस इलाके में कुकी रहते हैं, उस क्षेत्र के लिए एक विशेष विकास पैकेज देने का आश्वासन दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

# राइजिंग राजस्थान समिट के लिए मांगा समय, सरकार की योजनाओं पर हुई चर्चा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात में सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी से राइजिंग राजस्थान समिट को लेकर समय मांगा। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश के राजनीतिक हालात और प्रदेश में चल रही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि सीएम भजनलाल शर्मा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई है। प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद से लेकर अभी तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि उप चुनाव और अन्य राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए भी सीएम भजनलाल अपने मंत्रिमंडल का विस्तार कर सकते हैं। बता दें कि सीएम भजनलाल शर्मा के पहले मंत्रिमंडल गठन में कुल 22 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इनमें से सुरेंद्र पाल टीटी श्रीकरणपुर से चुनाव हारने के बाद इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में इस समय सीएम भजनलाल शर्मा के मंत्रिमंडल में 21 मंत्री हैं। अभी 9 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। वहीं, किरोड़ीलाल मीणा के इस्तीफ़े को लेकर असमंजस है।

## करीब ढाई महीने पहले हुई थी मुलाकात

सीएम भजनलाल शर्मा से पहले 3 अगस्त को नवनियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इससे पहले सीएम भजनलाल शर्मा की 17 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत मुलाकात हुई थी। पीएम से मुलाकात के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने ड्ढ पर पोस्ट में लिखा- आज नई दिल्ली में 140 करोड़ देशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण के लिए साधनारत, भारत की विकास यात्रा के नेतृत्वकर्ता माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आत्मीय आशीर्वाद प्राप्त किया। दरअसल, राजस्थान में निवेश बढ़ाने के लिए भजनलाल



सरकार 9 से 11 दिसंबर तक राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित करने जा रही है। इस समिट को लेकर सरकार देश और विदेश में रोड शो कर रही है। कुछ दिन पहले समिट को लेकर उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ स्विट्जरलैंड में रोड शो करके आए हैं। दो दिन पहले मुंबई में इन्वेस्टर मीट हुई थी। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्योग जगत के कई दिग्गजों से मुलाकात की और उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया था। इन्वेस्टर मीट में राज्य सरकार ने अडानी ग्रुप, वेदांता ग्रुप, जेएसडब्लू ग्रुप, टाटा ग्रुप, वारी ग्रुप, डालमिया ग्रुप और स्टार सीमेंट के साथ अक्षय ऊर्ज़ा, सीमेंट, केमिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स, नागरिक उड्डयन और आईटीआई के अपग्रेडेशन जैसे कई क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किए। समिट को लेकर अब तक सरकार करीब साढ़े 6 लाख करोड़ के एमओयू साइन कर चुकी है। प्रदेश में निवेश को बढ़ाने के लिए साल के अंत में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट होगी।

### शिक्षा मंत्री बोले- अकबर महान बताया तो किताबें जला देंगे

# लुटेरे, आक्रमणकारी को महान बताना मूर्खता थी, ये महाराणा प्रताप का अपमान

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि अकबर की तुलना महाराणा प्रताप से करना और उसे महान बताना मूर्खता थी। ये मेवाड़, राजस्थान और आन-बान-शान के प्रतीक महाराणा प्रताप का अपमान है। महाराणा प्रताप हमारे संरक्षक थे, जिन्होंने झुकना कभी स्वीकार नहीं किया। शिक्षा मंत्री ने स्कूली पाठ्यक्रम में बदलाव को लेकर कहा कि हमने सभी कक्षाओं की किताबें देख ली हैं। अभी तक किताबों में ऐसा नहीं है। यदि होगा तो सब किताबें जला देंगे। शिक्षा मंत्री रविवार को उदयपुर में मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में हुए भामाशाह सम्मान समारोह में शिरकत की। मेवाड़ का दुश्मन था अकबर पत्रकारों से बातचीत में



दिलावर ने कहा- जिस मुगल शासक अकबर ने बड़ी संख्या में हत्याएं करवा दी थी, उस अकबर को महान बताते रहे। जिन्होंने अकबर को महान पढ़ाया, उससे बड़ा दुश्मन इस मेवाड़ में और राजस्थान में नहीं हो सकता। मैं आपके सामने शपथ लेकर निवेदन करता हूं कि राजस्थान की किसी किताब में कभी भी अकबर जैसे लुटेरे, आक्रमणकारी, बलात्कारी को सम्मान नहीं दिया जाएगा। वह महाराणा प्रताप से बड़ा कैसे हो सकता है। वह तो लुटेरा और आक्रांता था। वह महान कैसे हो सकता है। ऐसे व्यक्ति को सम्मान देने वाले कभी भी ऊपर नहीं आ पाएंगे, पाताल में जाएंगे।

### हरियाणा में कांग्रेस के 18 टिकट फाइनल

# सिंगल नाम पैनल में हुड्डा समेत 12 विधायक, 2019 में हार चुके 4 नेता, एक नया चेहरा शामिल

■ संजीवनी टुडे

चंड़ीगढ़। कांग्रेस पार्टी ने टिकट दावेदारों की मारामारी के बीच हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 90 सीटों में से 18 पर अपनी टिकटें फाइनल कर ली हैं। इनमें 9 सिटिंग विधायक हैं। पार्टी ने जिन 14 सीटों पर सिंगल नाम का पैनल बनाया है, उनमें से 13 पर पुराने चेहरों पर भरोसा जताया गया है। इन्होंने 2019 का चुनाव भी लड़ा था। एक सीट पर नए चेहरे का नाम रखा गया है। कांग्रेस के सिंगल नाम वाले हलकों में रोहतक की गढ़ी-सांपला-किलोई सीट भी है। यहां से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के सत्ता में आने की सूरत में वह एख्र पद के सबसे बड़े दावेदार रहेंगे। कांग्रेस में इस सीट से किसी और ने आवेदन भी नहीं किया था। हालांकि उनके परिवार से किसी ने टिकट के लिए अप्लाई नहीं किया है। यहां वरूण की चलेगी या नहीं, इसको लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसी तरह पंचकूला विधानसभा सीट पर पूर्व सीएम भजनलाल के बेटे और राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन बिश्नोई का टिकट भी तकरीबन-तकरीबन फाइनल है। मुलाना सीट पर वरुण चौधरी विधायक थे।

## इन 12 विधायकों के टिकट पक्के



कांग्रेस ने जिन 17 सीटों पर सिंगल नाम के पैनल बनाए हैं, उनमें से 12 पर इस समय पार्टी के ही विधायक हैं। इनमें गढ़ी-सांपला-किलोई से भूपेंद्र हुड्डा, रोहतक सीट से बीबी बत्रा, झज्जर से गीता भुक्कल, बेरी से रघुबीर कादियान, रेवाड़ी से लालू प्रसाद यादव के दामाद चिरंजीव राव, नूंह से आफताब अहमद, पुन्हाना से मोहम्मद इलियास, महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह और बरौदा से इंदुराज भालू का नाम पैनल में रखा गया है। अंबाला जिले की नारायणगढ़ सीट से मौजूदा विधायक शैली चौधरी और फरीदाबाद एनआईटी के मौजूदा एमएलए नीरज शर्मा का टिकट भी लगभग फाइनल है। इसके अलावा बादली से कुलदीप वत्स की भी टिकट तय मानी जा रही है। कुलदीप वत्स हुड्डा के करीबी हैं। हालांकि उनके सामने दावेदारी ठोकने वाले सोमबीर घसोला भी प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं। अंबाला जिले की मुलाना सीट के पूर्व विधायक और अब सांसद वरुण चौधरी ने भी यहां के उम्मीदवार पर नजर रखी हुई है। यहां वरुण चौधरी की पत्नी पूजा चौधरी या फिर उनकी बहन को टिकट मिलने की भी संभावना है।

## खबरें फटाफट

### डाक विभाग का सुकन्या समृद्धि अभियान आज से

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। भारतीय डाक विभाग द्वारा सितंबर माह में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सुकन्या समृद्धि खाते खोलने का विशेष अभियान चलाने जा रहा है। जिसमे 0 से 10 वर्ष तक की बालिका का सुकन्या समृद्धि का खाता जिले के सलूंबर, झल्लारा, इंटालीखेडा, सेमारी, सराडा, झाड़ोल, चावंड सहित अन्य सभी डाक घरों में खोला जाएगा। साथ ही अभियान में विशेष कैंप लगाकर एवं ग्रामीण डाककर्मीयो द्वारा घर घर जा कर सुकन्या समृद्धि के खाते खोलें जायेंगे। प्रवर अधीक्षक डाकघर उदयपुर मंडल एवं निरीक्षक डाक सलूंबर ने सभी आमजन से अपील की है कि सभी अपनी बालिकाओं के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए नजदीकी डाक घर से संपर्क करे एवं सुकन्या समृद्धि का खाता जरूर खुलवाए।

### एडिप योजना के तहत दिव्यांजन परीक्षण शिविर आज से

■ संजीवनी टुडे

सलूंबर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को एडिप योजना के तहत परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजन एडिप योजना का लाभ लेने के लिये दिव्यांजन जिनको शारीरिक अक्षमता की पूर्ति के लिये उपकरण की आवश्यकता है तथा जिन्हे पिछले तीन साल तक किसी भी प्रकार के उपकरण का लाभ विभाग द्वारा नही मिला है, वे सभी दिव्यांजन 2 सितंबर से 7 सितंबर तक जिले के विभिन्न ब्लॉक में लगने वाले शिविर में अपना परीक्षण करा कर पंजीयन करा सकेंगे। 2 सितंबर सलूंबर,3 सितंबर झल्लारा, 4 सितंबर लसाडिया, 5 सितंबर सराडा,6 सितंबर सेमारी,7 सितंबर जयसमंद में शिविर आयोजित किए जाएंगे और समस्त पंचायत समिति के विकास अधिकारीयो को शिविर प्रभारी बनाया गया है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के हेमन्त खटीक ने बताया कि दिव्यांगजन पंजीकरण के लिये भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। दिव्यांग प्रमाण पत्र ऽयूडीआईडी कार्ड/ यूडीआईडी पंजीकरण संख्या। आय प्रमाण पत्र ऽसभी स्त्रोतों से मासिक आय 22500 प्रति माह से कम हो वह राजस्व विभाग, एमपी, एमएलए, प्रधान द्वारा प्रदूत आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

### स्व. देवराज के घर पहुंचे शिक्षा मंत्री, परिजनों को बंधाया ढाढ़स




■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर रविवार को उदयपुर प्रवास के दौरान स्व.देवराज मोची के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढाढ़स बंधाया। शिक्षा मंत्री गिर्वा पंचायत समिति में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात खेरादीवाड़ा में स्व.देवराज के घर पहुंचे। इस दौरान उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्तसिंह चौहान आदि भी साथ रहे। दिलावर ने दिवंगत छात्र देवराज की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही परिजनों को सांत्वना देते हुए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए आश्वस्त किया। उल्लेखनीय है कि गत दिनों स्कूली छात्रों के विवाद में चाकू के वार से देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया था तथा एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी।

### ट्रांसफार्मर जलने से रावतभाटा में नहीं हुआ पानी सप्लाई: सैकड़ों परिवारों को हुई परेशानी

■ संजीवनी टुडे

रावतभाटा।जलदाय विभाग के फिल्टर प्लांट का ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण रविवार को शहर की जल सप्लाई प्रभावित रही। लगातार दूसरे दिन सप्लाई न होने के कारण सैकड़ों परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में जल संकट की स्थिति को देखते हुए नगर पालिका ने आवश्यकता के अनुसार फायर ब्रिगेड से वार्डों में पानी की पूर्ति की। साथ ही, कुछ वार्डों के पार्षदों ने निजी खर्च से टैंकर मंगवाकर कुछ हद तक राहत दिलवाई। गौरतलब है कि शनिवार को फिल्टर प्लांट के ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से वह जल गया था। फिलहाल, जब तक दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं लग जाता, जल सप्लाई बदस्तूर प्रभावित रहेगी। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता लक्ष्मण सिंह ने बताया कि शनिवार शाम ट्रांसफार्मर जलने की सूचना बिजली विभाग को दी गई थी। इसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों और कर्मचारियों ने जांच कर नया ट्रांसफार्मर चित्तौड़गढ़ से मंगवाने की बात कही है। एईएन ने कहा कि वैसे तो शाम तक ट्रांसफार्मर रावतभाटा पहुंचने की उम्मीद है, लेकिन जब तक वह लग नहीं जाता, तब तक जलापूर्ति कब शुरू होगी, यह कहना मुश्किल है।



# भामाशाह देवतुल्य, उनके दिए एक-एक पैसे का होगा सदुपयोग: शिक्षा मंत्री मदन दिलावर

**28वां राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह, 157 भामाशाहों का किया अभिनंदन**

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में शैक्षणिक उन्नयन के लिए अहर्निश प्रयासरत है। भामाशाहों की ओर से दिए जा रहे सहयोग से गुणवत्तायुक्त शिक्षा, विद्यालयों में सुविधाओं के विस्तार पर कार्य हो रहा है। शिक्षा मंत्री होने के नाते भामाशाहों को विश्वास दिलाता हूं कि उनके द्वारा दान की गई राशि के एक-एक पैसे का सदुपयोग होगा। शिक्षा मंत्री दिलावर रविवार को मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 28वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने की। राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर विधायक ताराचंद जैन, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, गोगुन्दा विधायक प्रताप गमेती, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी,पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, जिला प्रमुख ममता पंवार, महापौर जीएस टांक, समाजसेवी रविन्द्र श्रीमाली, चंद्रगुप्त सिंह चौहान, प्रमोद सामर, उप महापौर पारस सिंघवी, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, निदेशक संस्कृत शिक्षा पूनम सहित अन्य जनप्रतिनिधि बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। पहली बार राजधानी जयपुर से बाहर उदयपुर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय समारोह में शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने वर्ष 1995 में भामाशाहों के सम्मान की परिपाठी शुरू की, जो आज भी जारी है। इसके



सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे हैं। इस वर्ष प्रदेश के विद्यालयों के लिए 140 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का सहयोग भामाशाहों के माध्यम से प्राप्त हुआ। उक्त राशि से विद्यालय में भौतिक सुविधाओं के साथ ही स्मार्ट क्लासेज, संसाधन आदि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने दान का महत्व बताते हुए कहा कि जिस तरह कुएं से सिंचाई के लिए पानी निकालने पर कुछ ही घंटो में कुआं वापस भर जाता है, इसी प्रकार धन को सद्कर्म में लगाने से दुगुने लाभ की प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि दूसरों की पीड़ा समझने वाला कभी साधारण नहीं हो सकता। शिक्षा के लिए दान देने वाले सभी भामाशाह देवतुल्य हैं, जो बच्चों की पढ़ाई में आने वाली पीड़ा को समझते हुए उनके लिए सुविधाएं जुटाने सहयोग करते हैं। प्रारंभ में शिक्षा मंत्री ने मेवाड़ की वीर प्रसूता भूमि को प्रणाम करते हुए महाराणा प्रताप और भामाशाह का स्मरण किया। साथ ही उन्होंने राणा पूंजा, वीरबाला कालीबाई और गोविन्दगुरू को याद करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान महापुरुषों, त्याग, तपस्या, शौर्य और वीरता की और भामाशाह की परंपरा वाली धरती है। शिक्षामंत्री दिलावर ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा रखने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि शैक्षिक वातावरण अच्छा रहे। स्कूल समय में किसी भी शिक्षक को पूजा-पाठ अथवा अन्य धार्मिक कार्यक्रम के लिए जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। शिक्षकों को कक्षा-कक्ष में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही बच्चों को साप्ताहिक रिवीजन कराने की भी व्यवस्था भी लागू की जा रही है। उन्होंने शीतकालीन अवकाशों में भी बदलाव के संकेत देते हुए कहा कि अब जब कड़ाके की ठण्ड होगी तभी शीतकालीन अवकाश घोषित किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री ने प्लास्टिक उन्मूलन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक से न केवल पर्यावरण को क्षति पहुंच रही है, अपितु गो माता को भी खतरा है। उन्होंने सभागार में उपस्थित सभी लोगों से प्लास्टिक उन्मूलन में सहयोग का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने दधीचि, वामन अवतार व प्रताप-भामाशाह आदि की पौराणिक व ऐतिहासिक कथाओं के माध्यम से दान की महत्ता बताई। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजाति अंचल में शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार व सुदृढ़ता के लिए कटिबद्ध है। समारोह में शिक्षा मंत्री सहित सभी अतिथियों ने विभाग को दिए जाने वाले सहयोग और उसके सदुपयोग पर आधारित प्रशस्ति पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

## कपासन कस्बे में सन्तोषी माता के मन्दिर हुई चोरी के मामले का खुलासा ,एक आरोपी गिरफ्तार ,चोरी किया गया सम्पूर्ण मार बरामद

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कपासन थाना पुलिस ने कस्बे में संतोषी माता मंदिर मे हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।चोरी किया गया सम्पूर्ण माल चांदी के तीन छतर, हार व एक मुकुट, एक सोने की नथ बरामद की है । आरोपी पूर्व में हत्या,चोरी, नकबजनी, के मुकदमों में गिरफ्तार हो चुका है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में हुई नकबजनी व चोरियों के विरूद्ध कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिले के समस्त पुलिस अधिकारीयों को निर्देशित किया गया। इसी कम में पर्वतसिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय चित्तौडगढ एवं अनिल सारण पुलिस उप अधीक्षक वृत कपासन जिला चित्तौड़गढ़ के सुपरविजन में रतन सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना कपासन से टीम गठित की गई। दिनांक 27 अगस्त 2024 को प्रार्थी प्रवीण व्यास पिता मांगी लाल जी बारेगामा निवासी ब्रह्मपुरी मोहल्ला कपासन ने एक रिपोर्ट थाना कपासन पर पेश की कि जन्माष्टमी के दिन शाम के समय प्रसाद वितरण करने के बाद सन्तोषी माता के मन्दिर के गेट लगा कर



ताला गया था रात्रि करीब 1.30 बजे के आस पास सन्तोषी माता के मन्दिर का ताला तोडकर कोई अज्ञात व्यक्ति सन्तोषी माता की मूर्ति के चांदी तीन छतर, हार व एक मुकुट व एक सोने की नथ चोरी कर ले गया है। उक्त वारदात को ट्रेस करने के लिए थानाधिकारी कपासन रतनसिह पु.नि. ने टीम का गठन किया। गठीत टीम द्वारा तकनीकी व सीसीटीवी फुटेज से अनुसंधान करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले रतन लाल उफ पीरू लाल पिता चन्नी लाल कालबेलिया से पूछताछ कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया हैं उक्त घटना मे चोरी किया गया माल माताजी के गहने, छतर, मुकुट, हार व सोने की नथ अभियुक्त के घर से बरामद किया गया।

विस्तृत अनुसंधान जारी है। अभियुक्त रतन लाल उर्फ पीरू लाल द्वारा वर्ष 2019 मे गांव रूपा खेडी थाना कपासन मे रात्रि मे अपने घर मे सोई हुइ महिला के साथ मारपीट कर लूट व मर्डर किया था जिसमे अभियुक्त गिरफतार होकर जैल गया था लगातार पांच साल तक जैल मे रहा था और एक महिने पहले ही अभियुक्त रतन जैल से जमानत होकर बाहर आया था और आते ही वापस सन्तोषी माता के मन्दिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। रतन लाल उर्फ पीरू लाल पिता चुन्नी लाल जाति कालबेलिया उम्र 30 साल निवासी गाडोलिया बस्ती केसर खेडी थाना कपासन जिला चित्तौडगढ। उक्त कार्यवाही में टीम के निम्न सदस्यों का योगदान रहा। पुलिस टीम रतन सिह पु.नि. ,लादुलाल उप निरीक्षक ,चैना राम कानि ,जितेन्द्र कानि , वेदप्रकाश कानि इस कार्यवाही मे थाना कपासन के कानि चैनाराम व कानि जितेन्द्र कुमार की विशेष भूमिका रही।

## उदयपुर में शिक्षा मंत्री ने दिखाई संवेदनशीलता: दृष्टिबाधित शिक्षक भावेश रेबारी की परिवेदना का हाथों-हाथ किया निराकरण

■ संजीवनी टुडे

### डूंगरपुर से उदयपुर स्थानांतरण का दिया भरोसा

उदयपुर। 28 वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दृष्टिबाधित शिक्षक की परिवेदना पर संवेदनशीलता दिखाते हुए उसके निस्तारण का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमृतिया ब्लॉक आसपुर जिला डूंगरपुर में पदस्थापित तृतीय श्रेणी अंग्रेजी लेवल 2 के दृष्टिबाधित शिक्षक भावेश रेबारी ने अपनी परिवेदना शिक्षा मंत्री के समक्ष व्यक्त की। शिक्षक ने बताया कि वह दृष्टिबाधित है एवं कुछ दिनों पहले उन्हें आंशिक रूप से लकवा भी हो चुका है। उनका वर्तमान में पदस्थापन उनके गृह जिले डूंगरपुर में ही है लेकिन उनका पूरा परिवार लंबे समय से उदयपुर में निवास करता है ऐसे में वह अपनी राजकीय सेवा अच्छे ढंग से नहीं कर पा रहे हैं एवं दृष्टिबाधित होने से विद्यालय आवागमन में भी काफी परेशानी है। भावेश



ने प्रदीप मेघवाल, गोपाल मेहता मेनारिया, पुष्पेंद्र सिंह झाला, रमेश चंद्र पुष्करणा की मदद से शिक्षामंत्री के ओएसडी अभय सिंह राठौड़ के माध्यम से शिक्षा मंत्री को अवगत कराया गया। शिक्षा मंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए सम्मान समारोह के बीच अवसर मिलते ही शिक्षक भावेश रेबारी को मंच पर बुलाया। उसकी परिवेदना ली और कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा उन शिक्षकों को अपने इच्छित स्थान पर लगाया जा रहा है जो वास्तव में गंभीर रूप से बीमार, दृष्टि बाधित या गंभीर रूप से विकलांग है। उन्होंने मंच पर शिक्षक से ही पूछ लिया बताओ तुम कहां लगना चाहते हो ? शिक्षक ने राजकीय अंध विद्यालय मल्लातलाई उदयपुर में स्थानांतरण चाहा। इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जहां तुम चाहते हो वहां तुम्हारा स्थानांतरण कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से उचित आदेश जारी करने को कहा। शिक्षक के प्रति इस संवेदनशीलता पर सभागार में तालियां की गूंज उठी। शिक्षक भावेश रेबारी ने शिक्षामंत्री का आभार व्यक्त किया।

## जुआ खेलते हुए 6 अभियुक्त गिरफ्तार 1,90,130 रूपये जब्त

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़। कोतवाली निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने ताश पति पर दांव लगा कर जुआ सट्टा खेलते हुए 6 अभियुक्तों को गिरफतार कर 01 लाख 90 हजार से अधिक रूपए जब्त किये है । जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(मुख्यालय), परबत सिह ,पुलिस उप अधीक्षक वृत निम्बाहेडा बद्रीलाल राव के निकटम सुपर विजन में राम सुमेर पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा के निर्देशन मे दिनाक 01.09.2024 की रात्री विशेष सुचना मिली कि प्रकाश जैन पिता सागर मल जैन जाति जैन निवासी मकान नम्बर 19 अशोक विहार निम्बाहेडा मे स्थित दो मंजिला मकान में दुसरी मंजिल पर स्थित हॉल में ताश पति पर दांव लगा जुआ सट्टा मकान मालिक प्रकाश जैन द्वारा चलाया जा रहा है। सुचना पर देवेन्द्र कुमार उ नि मय जाप्ता सरकारी जीप व प्राईवेट मोटर साईकिलो के थाने से रवाना प्रकाश जैन के घर पर हुए तथा वहा पर धर्मराज उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना चन्देरिया, मय जाप्ता एंव मुनेन्द्र सिंह कानि. जिला विशेष शाखा चित्तौडगढ के साथ मकान की तलाशी नियमानुसार ली गई तो मकान के उपर बने कमरे मे 1 अभय जैन पिता मनोहर लाल जैन जाति जैन उम्र 36 साल निवासी आजाद चौक निम्बाहेडा 2.जयकिशन पिता मोहन लाल जाति सिन्धी उम्र 27 साल निवासी मकान नम्बर 49 आर.के कालोनी निम्बाहेडा 03. विकास आडवानी पिता राजेन्द्र प्रसाद आडवानी जाति सिन्धी उम्र 32 साल निवासी मकान नम्बर 3 राजीव चौक निम्बाहेडा 4. अक्षय जैन पिता सुरेन्द्र जैन जाति जैन उम्र 30 साल निवासी पी.एन.बी बैंक के पास आदर्श कालोनी निम्बाहेडा 5. कमलेश कुमार पिता भादरमल जी जाति जैन उम्र 45 साल निवासी मकान नम्बर 19 अशोक विहार निम्बाहेडा,

प्रकाश जैन पिता सागर मल जैन जाति जैन निवासी मकान नम्बर 19 अशोक विहार निम्बाहेडा पुलिस थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ द्वारा ताश के पत्तो पर दाव लगाकर जुआ खेलने हुए को 1,90,130 रूपये व ताश के पत्ते को जप्त किया गया। 06 अभियुक्तो को अदम अदायगी जमानत के गिरफ्तार किया गया। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। पुलिस टीमः- देवेन्द्र कुमार उ.नि. थाना कोतवाली निम्बाहेडा। धर्मराज उ.नि. थानाधिकारी चन्देरिया , विजय कानि ,रवि कानि रणजीत कानि, ज्ञानप्रकाश कानि ,मुनेद्र कानि ,चैनाराम कानि जितेन्द्र कुमार कानि ,हितेश कानि।

## संतोषी माता मंदिर में चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार: पुलिस ने माल भी किया बरामद, एक महीने पहले ही जेल से जमानत पर आया था

■ संजीवनी टुडे

कपासन। कपासन पुलिस ने जन्माष्टमी की रात को संतोषी माता मंदिर में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किए गए चांदी के तीन छतर, एक हार, एक मुकुट और एक सोने की नथ बरामद की है। आरोपी पूर्व में हत्या, चोरी, नकबजनी और मारपीट के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है और हत्या के मामले में वह एक महीने पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया था। एसएचओ रतन सिंह ने बताया- जन्माष्टमी की रात को बस स्टैंड के पास स्थित संतोषी माता मंदिर पर जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। रात 12:00 बजे महा आरती के बाद प्रसाद वितरित कर मंदिर को 1:30 बजे बंद कर दिया गया था। इसके बाद अज्ञात बदमाश ने मंदिर का ताला तोड़कर संतोषी माता की मूर्ति से चांदी के तीन छतर, एक हार, एक मुकुट और एक सोने की नथ चोरी कर ली। इस बारे में स्थानीय ब्रह्मपुरी निवासी प्रवीण पुत्र मांगीलाल बारेगामा ने 27 अगस्त को मामला दर्ज करवाया था।

### आरोपी के घर से बरामद किया माल

एसपी सुधीर चौधरी ने नकबजनी और चोरी की वारदातों पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद एएसपी पर्वतसिंह और डीएसपी अनिल सारण के निर्देशन में एसएचओ रतन सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

टीम ने तकनीकी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अनुसंधान करते हुए गाडोलिया बस्ती केसर खेड़ी निवासी रतनलाल (30) उर्फ पीरूलाल पुत्र चन्नीलाल कालबेलिया को डिटेन कर पूछताछ की और गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में चोरी किया गया माल आरोपी के घर से बरामद किया गया है। मामले की जांच जारी है।



### एक महीने पहले जेल से जमानत पर बाहर आया था आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी रतनलाल उर्फ पीरूलाल ने साल 2019 में गांव रूपा खेड़ी में रात में घर में सोई हुई महिला के साथ मारपीट कर लूट के लिए हत्या की थी। वह इस मामले में गिरफ्तार होकर जेल गया था और लगातार पांच साल तक जेल में रहा। एक महीने पहले ही रतनलाल उर्फ चन्नी लाल जेल से जमानत लेकर बाहर आया था और आते ही उसने संतोषी माता एक महीने पहले जेल से जमानत पर बाहर आया था आरोपी पुलिस ने बताया कि आरोपी रतनलाल उर्फ पीरूलाल ने साल 2019 में गांव रूपा खेड़ी में रात में घर में सोई हुई महिला के साथ मारपीट कर लूट के लिए हत्या की थी। वह इस मामले में गिरफ्तार होकर जेल गया था और लगातार पांच साल तक जेल में रहा। एक महीने पहले ही रतनलाल उर्फ चन्नी लाल जेल से जमानत लेकर बाहर आया था, और आते ही उसने संतोषी माता के मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस कार्रवाई ने एसएचओ रतन सिंह, एसआई लादुलाल, कांस्टेबल चैनाराम, जितेंद्र गुर्जर और वेदप्रकाश। कांस्टेबल चैनाराम और जितेंद्र कुमार की इसमें विशेष भूमिका रही।

## एक व्यक्ति की डूबने की सूचना पर मचा हड़कंप: गंभीरी नदी में चला 6 घंटे का रेस्क्यू अभियान

**नहीं मिला अभी तक कोई भी क्लू**

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ़।चित्तौड़ के गंभीरी नदी में एक व्यक्ति की डूबने की सूचना पर हड़कंप मच गया। लगभग 6 घंटे की मशक्कत के बाद भी किसी का पता नहीं चला। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। यह रेस्क्यू अभियान सोमवार सुबह फिर से जारी रहेगा। चित्तौड़ की गंभीरी नदी में एक व्यक्ति की डूबने की सूचना पर हड़कंप मच गया। मौके पर कोतवाली थानाधिकारी मय जाब्ता पहुंचा। सिविल डिफेंस की टीम भी पहुंची। लगभग 6 घंटे की मशक्कत के बाद भी किसी का पता नहीं चला। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। यह रेस्क्यू अभियान सोमवार सुबह फिर से जारी रहेगा। एक व्यक्ति को नदी में कूदते हुए एक महिला सहित कुछ अन्य लोगों ने देखा था। जिसके बाद उसकी तलाश शुरू की गई। शहर कोतवाली इलाके के महाराणा सेतु पुलिया से नीचे उतर कर एक व्यक्ति गंभीरी नदी में कूद गया। ऐसा



करते हुए वहां चारा बेच रही एक महिला ने देखा और चिल्लाने लगी। जिसकी बात आसपास कई लोगों ने भी उसे व्यक्ति को नदी में कूदते हुए देखा था। राहगीरों ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम में थी जिसके बाद कोतवाली थाना पुलिस मौका पर पहुंची। इस दौरान कोतवाल संजय स्वामी भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम को भी मौका पर बुलाया। दोपहर लगभग 12 बजे सिविल डिफेंस की टीम ने नदी में व्यक्ति की तलाश शुरू की। मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी। पुलिस की टीम ने मौके से लोगों को हटाया ताकि कोई अन्य अनहोनी ना हो।

### नाव के जरिए भी की गई तलाश

चारा बेचने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह व्यक्ति पानी के बीचों-बीच पहुंच गया था। कुछ देर में पानी भी शांत हो गया और वह अंदर चला गया। उसके आधार पर नदी में तलाश की गई। टायर की मदद से सिविल डिफेंस की टीम लगातार पानी में व्यक्ति को ढूंढती रही और उसके बाद नाव मंगवाया गया। नाव की मदद से भी काफी देर तक व्यक्ति को ढूंढा गया। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शाम को 6 बजे के करीब इस रेस्क्यू अभियान को रोकना पड़ा। सोमवार को फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया जाएगा। नदी में बरसात के बाद थोड़ी सी पानी की आवक हुई थी। उसके बाद यह पहला मामला है।

## चित्तौड़गढ़ में सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार, झूठे केस में तस्कर के साथ एमडी मामले में फंसाया था

**पहले ही हो चुका था निलंबित**

■ संजीवनी टुडे

चित्तौड़गढ। चित्तौड़गढ़ में तस्करों से मिलकर एक व्यक्ति के खिलाफ साजिश कर कार्रवाई करने के मामले में तत्कालीन मंडफिया थानाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसी मामले में सब इंस्पेक्टर यशवंत सोलंकी को पहले ही निलंबित कर दिया गया था।

पोखर खटीक के पकड़े जाने के बाद यह मामला आगे बढ़ा है। सोलंकी को जोधपुर सेडिटेन किया गया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया- सब इंस्पेक्टर और तत्कालीन मंडफिया थानाधिकारी यशवंत सोलंकी ने 27 अक्टूबर 2023 को एक कार्रवाई की थी। जिसमें गीदाखेड़ा गांव में जब्त एक टेंपों से एमडी पाउडर जब्त करते हुए भंवर लाल खटीक को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में भंवरलाल खटीक के परिजनों ने अलग अलग अधिकारियों से मिलकर इसे एक साजिश बताया। इस केस की जांच तत्कालीन भदेसर थानाधिकारी और वर्तमान ट्रैफिक इंचार्ज लक्ष्मण डांगी को सौंपी गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि भंवरलाल को फंसाने के लिए पोखर खटीक और प्यारचंद खटीक ने यह एमडी मीरा कीर के जरिए प्यारचंद खटीक ने यह एमडी मीरा कीर के जरिए टेंपों में रखवाया था। इस मामले में सोलंकी के भी लिप्त होने की बात सामने आई। सब इंस्पेक्टर ने तस्कर के साथ मिलकर यह प्लानिंग की थी। जांच में साबित होने के बाद सोलंकी को निलंबित किया गया और उन्हें राजसमंद पुलिस रिजर्व लाइन में भेज दिया गया। इस मामले की लगातार जांच पुलिस उप अधीक्षक, (ग्रामीण) आईपीएस शिवप्रकाश टेलर कर रहे थे। जांच पूरी होने के बाद उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यशवंत सोलंकी को जोधपुर से डिटेन कर चित्तौड़गढ़ लाया गया, जहां पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में जांच जारी है। बता दे कि जुलाई महीने में ही 50 हजार रुपए का इनामी तस्कर को एटीएस जयपुर की टीम ने मणिपुर के इंफाल से निरुद्ध किया था। उसके बाद ही यह मामला आगे बढ़ा।



## खबरें फटाफट

### खेत पर काम कर रहे किसान की मौत

■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। राजसमंद में खेत पर काम करते समय एक किसान की मौत हो गई। चारभुजा थाना सर्कल के जवालिया निवासी ओगड़मल पुत्र तुलसा गुर्जर अपने खेत पर पत्नी के साथ कृषि कार्य कर रहा था। इस दौरान ओगड़ मल गुर्जर की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वे वहीं गिर पड़े। पास में काम कर रही उनकी पत्नी वहां पहुंची। उसने तुरंत फोन करके ओगड़ मल के भाई मथुरा लाल को मौके पर बुलाया। मथुरा लाल व परिवार के लोग खेत पर पहुंचे आ सरपंच को सूचना की। जिसके बाद 108 एम्बुलेंस को बुलाकर ओगड़मल को चारभुजा हॉस्पीटल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने ओगड़मल को मृत घोषित कर दिया। बाद में चारभुजा हॉस्पीटल में पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। चारभुजा पुलिस ने मर्ग दर्ज करके जांच शुरू की है।



### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के शिविरों का कार्यक्रम जारी

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार ''पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'' के अन्तर्गत घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध करवाने जाने के लिए नगर पालिका सागवाड़ा क्षेत्र में पीएम सूर्य घर (विद्युत) लाभार्थी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि 4 सितम्बर को वार्ड नंबर 1, 2, 3, 8, 9, 12, 13, 14, 15 एवं 35 का शिविर स्थल राजकीय वाडेल उच्च बालिका माध्यमिक विद्यालय सागवाड़ा में, 5 सितम्बर को वार्ड नंबर 4, 5, 6, 7, 10, 11, 19 एवं 24 का शिविर स्थल नर्सरी (सासरिया तालाब के पास) सागवाड़ा में, 11 सितम्बर को वार्ड नंबर 16, 17, 18, 20, 21, 22, 23 एवं 34 का शिविर स्थल टाउन हॉल (मॉण्डवी चौक) सागवाड़ा में तथा 19 सितम्बर को वार्ड नंबर 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 एवं 33 का शिविर स्थल पशु चिकित्सालय (सिंधी कॉलोनी) सागवाड़ा में आयोजित किए जाएंगे। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड डूंगरपुर के अधीक्षण अभियंता शिविर में ऑपरेटर व आवेदन पत्र की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अग्रणी जिला प्रबंधक डूंगरपुर योजना के बैंक ऋण से संबंधित जानकारी शिविर में उपस्थित आमजन को उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### नाले में मिला नवजात का शव, मोर्चरी में रखवाया

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। भूपालपुरा थाना क्षेत्र स्थित गुमानिया नाले में रविवार को लाल कपड़े में लिपटा नवजात का शव मिला। इसे मोर्चरी में रखवाया गया है। नाले में भ्रूण दिखने की सूचना फैली थी। पता लगते ही सुबह करीब 10 बजे नाले के पास भी जुट गई। राहगीर प्रह्लाद जोशी की सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को मोर्चरी पहुंचाया। जोशी ने ही थाने में मामला दर्ज करवाया। एएसआई अमृतलाल ने बताया कि संभवतया नवजात मृत जन्मा था। इसे डिस्पोज करने के बजाय फेंके जाने का अंदेशा है। ऐसा करने वाले का पता लगाने के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### दुकान में गांजा बेच रहा था आरोपी, गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। नाई थाना पुलिस ने दुकान में गांजा रखकर बेचने के मामले में एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी नरपत सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि मगरी फला गांव धार निवासी नंदलाल गमेती अपनी किराना की दुकान में गांजा रखकर बेच रहा है। सूचना पर थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने नंदलाल गमेती के घर के बाहर स्थित दुकान पर दबिश दी। यहां दुकान की तलाशी में काउंटर में एक प्लास्टिक का कट्टा मिला, जिसे खोलकर देखा तो 4.100 किलोग्राम गांजा मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके पास एक फोन आया था और बाद में एक व्यक्ति आकर गांजा देकर चला गया।

### फतहसागर में मछलियां पकड़ रहे थे, 17 गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। अंबामाता थाना पुलिस ने देवाली नहर और फतहसागर झील में मछलियां पकड़ने और हुड़दंग मचाने पर 17 युवकों को गिरफ्तार किया है। मानसून के दौरान मछलियों का शिकार प्रतिबंधित है। आरोपी युवकों की हरकतों से राहगीर और पर्यटक भी परेशान हो रहे थे। थानाधिकारी डॉ. हनवंत सिंह राजपुरोहित ने रविवार को टीमें झीलों व पर्यटक स्थलों पर निगरानी के लिए भेजी थीं। कुछ युवक रानी रोड व देवाली की तरफ फतहसागर के पास शोर-शराबा करते हुए मछलियां पकड़ रहे थे। कोई पानी में जाल फेंक रहा था तो कोई डंडे से मछलियां मार रहा था। इन लोगों व इनके वाहनों के जमावड़े से मस्तान बाबा व संजय गांधी गार्डन जाने वाले रोड पर यातायात बाधित हो रहा था। मौके से शेर मोहम्मद उर्फ शेरू निवासी फारूक आजम कॉलोनी, करण सिंघल निवासी ब्रह्मपोल, प्रकाश निवासी गांधीनगर, दिनेश निवासी मल्लातलाई-खेमपुरा, यूसुफ खान निवासी सज्जनगर, साजिद निवासी धोलीमगरी, फिरोज निवासी मल्लातलाई, नरेश गमेती निवासी चंपा कॉलोनी, रामलाल मीणा निवासी भीलू राणा कॉलोनी, प्रकाश गमेती निवासी ओड़ बस्ती, दीपक कालबेलिया, मुकेश कालबेलिया, भैरूनाथ कालबेलिया, रवि कालबेलिया, रोहित रंगास्वामी निवासी मनोहरपुरा, आबिद निवासी सिलावटवाड़ी व देव निवासी मल्लातलाई को गिरफ्तार किया।

# चतुर्दशी पर सांवलियाजी में खुला भंडार: अचानक बढ़ी भीड़ के कारण काउंटिंग बीच में रोकी

■ संजीवनी टुडे

### अब मंगलवार को होगी

चित्तौड़गढ़। मेवाड़ के आराध्य देव सांवलिया जी में चतुर्दशी पर भंडार खोला गया। अचानक बढ़ी भीड़ और भक्तों द्वारा व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश के चलते काउंटिंग को बीच में ही रोकना पड़ा। सभी रुपयों को बोरों में भरकर रख दिया गया। बताया जा रहा है कि अमूमन ऐसी भारी भीड़ अमावस्या के दिन या खास त्योहारों पर होती है। इस बार चतुर्दशी पर ही इतनी भीड़ जुट गई। ऐसा पहली बार हुआ है जब पहले ही दिन में काउंटिंग को बीच में रोक दिया गया।

### मासिक मेले की हुई शुरुआत, खुला भंडारा

सुविख्यात सांवलिया जी मंदिर में हर दिन हजारों की तादात में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। 5 सितंबर से शुरू हो रहे बाबा रामदेव जी के मेले के लिए कई भक्त पैदल और बसों से यात्रा करते हैं। इस दौरान सभी का सांवरा सेठ के दरबार में भी आना होता है। आज रविवार है, इसलिए भी भक्त जन सांवलिया जी जाते हैं। रविवार को मासिक मेले की शुरुआत हुई। जिसके पहले दिन भगवान का भण्डार खोला गया। इधर चतर्दशी पर भगवान के दर्शनों के गया। इधर चतुर्दशी पर भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। राजभोग आरती के बाद श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच सांवलिया मंदिर मंडल अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर, भदेसर एसडीएम विजयेश कुमार पंड्या और बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में कड़ी सुरक्षा के बीच भण्डार खोला गया।

### करीब दो करोड़ रुपयों का ही बना पाए बंडल

गिनती शुरू होने के कुछ देर में गणना स्थल पर मौजूद अधिकारियों के पास दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या मंदिर क्षेत्र में पहुंचने की जानकारी मिली। जिस पर तुरंत फैसला लेते हुए भंडार की गिनती का काम बंद कर दिया। इसके बाद भंडार से निकाले गए नोटों और सोने-चांदी के आइटम को बोरों, थैलों में भरकर कोष कार्यालय में सुरक्षित रखा गया। ऐसा पहली बार हुआ है जब पहले ही दिन में काउंटिंग को बीच में रोक दिया गया। कल सोमवार को अमावस्या होने के कारण गिनती नहीं होगी। अमावस्या के दूसरे दिन मंगलवार को गिनती शुरू होगी। काउंटिंग बंद करने से पहले करीब दो करोड़ रुपए के नोटों के बंडल बना लिए गए थे। इस दौरान मंदिर मंडल सदस्य अशोक शर्मा, भेरूलाल सोनी, संजय मंडोवरा, श्रीलाल पाटीदार, शंभू लाल सुथार, प्रशासनिक अधिकारी प्रथम घनश्याम जरवाल, प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र शर्मा, सुरक्षा प्रभारी गुलाब सिंह राजपूत, संस्थापन प्रभारी लहरी लाल धनगर सहित अलग अलग बैंको, मंदिर मंडल के अधिकारी और कर्मचारी शामिल उपस्थित रहे।





### व्यवस्था को बिगाड़ने की भी हुई कोशिश

भगवान के दर्शन के लिए दिनभर हजारों श्रद्धालु पहुंचे और दर्शन लाभ लिया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचने से कुछ लोगों को दर्शन करने में भी परेशानी हुई। वहीं पर कई श्रद्धालु कतार की रेलिंग कूद कर गार्डन में पहुंच गए और व्यवस्था बिगाड़ते नजर आए। इसके बाद व्यवस्था बनाने में मंदिर कर्मचारियों को मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालुओं की इस आवक को देखते हुए थाना प्रभारी शीतल गुर्जर के नेतृत्व में चल रही यातायात और आवागमन व्यवस्था के अंतर्गत गाड़ियों को कस्बे के बाहर ही रोक दिया गया। इधर सोमवार को अमावस्या पर देवकी सदन धर्मशाला में महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## नैहड़ा विकास मंच के बैनर तले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

■ संजीवनी टुडे

टहला । रविवार को मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर भानगढ़ में मीटिंग का आयोजन किया गया। विकास नैहडा ने मीडिया को बताया कि के रविवार को भानगढ़ में सजातिय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजन करने के लिए मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता आर. के. मीणा कमिश्नर ने की।

मंच का मीटिंग मे मंच द्वारा किए गए कार्यक्रमो के बारे में जानकारी दी मृत्यु भोज वृक्षारोपण, माडा बालिका छात्रावास की बालिकाओं को पुरस्कृत करने के अलावा अलग-अलग गांवो में मंच से पदाधिकारीयो /कार्यकर्ताओं के अलावा भामाशाह द्वारा के सहयोग से,स्वेटर वितरण, टीऽशर्ट वितरण स्टेशन,स्टेशनरी वितरण करवाना आदि की जानकारी दी और आगामी दिनों में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु सभी समाज बंधुओ से विवाह सम्मेलन के सफल आयोजन का निवेदन किया। मीटिंग में अलवर,राजगढ़,जयपुर, दौसा ,जमवारामगढ़ /आंधी , भावनी सहित अनेक कार्यकर्ता पधारे,जिन्होंने मंच के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना पुरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। और भी दूसरे मंचों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।



कार्यक्रम मे अलावा नैहड़ा विकास मंच के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण और अन्य आम समाजिक नागरिक उपस्थित रहे। मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से देवउठनी एकादशी 12 नवंबर को पाराऋषि धाम, खो दरीबा राजगढ़ (अलवार) में मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की तिथि और स्थान फिक्स किया गया । जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यकारिणी का गठन किया, कई और दूसरी कार्यकारिणीयों और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है। जिसमें समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## विधानसभा अध्यक्ष ने बाबा भर्तृहरि व पाण्डूपोल हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

■ संजीवनी टुडे

अलवर। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज भर्तृहरि धाम व पाण्डूपोल हनुमान मंदिर पंहुचकर पूजा अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्राी स्वतंत्रा प्रभार संजय शर्मा मौजूद रहे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सरिस्का अभयारण्य में स्थित भर्तृहरि धाम बाबा भर्तृहरि की तपोभूमि होने के साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है।



उन्होंने कहा कि बजट घोषणा में राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढावा देने हेतु धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं विकास हेतु कई सौगातें दी है जिनमें अलवर जिले के धार्मिक स्थल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सरिस्का से पाण्डुपोल तक ईवी बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू होने से धार्मिक स्थलों में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुविधा होगी जिससे रोजगार के अवसर बढने के साथ ही क्षेत्रा के विकास को बल मिलेगा। सरिस्का में से केन्द्र सरकार द्वारा एलीवेटेड रोड बनाया जाना प्रस्तावित है जिससे यातायात सुगम होने के साथ वन्यजीवों की सुरक्षा में यह अहम कडी साबित होगा। विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्राी स्वतंत्रा प्रभार संजय शर्मा ने सरिस्का गेस्ट हाउस परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। देवनानी ने एक पेड मॉ के नाम अभियान को पर्यावरण संरक्षण एवं मॉ के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने वन मंत्राी संजय शर्मा के द्वारा प्रति दिन कम से कम एक पौधा लगाये जाने के संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि इनका यह संकल्प अनुकरणीय है, जिससे हम सब को प्रेरणा लेनी चाहिए। वन मंत्राी शर्मा ने आज प्रातः अलवर शहर में मानसरोवर कॉलोनी काला कुआ में एक पेड मॉ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया।

### सर्किट हाउस में किया नागरिक अभिनन्दन

इससे पूर्व श्री देवनानी का अलवर सर्किट हाउस में विभिन्न सामाजिक संगठनो एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों ने नागरिक अभिनन्दन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसकी परम्पराओं को आगे बढाते हुए कई नवाचार किये गये है तथा विधानसभा को पेपर लेस करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सीसीएफ संग्राम सिंह कटिहार, डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सिंह, के.जी. खण्डेलवाल, पं. जले सिंह, सतीश यादव, महेश मीना, रोहिताश घायल सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## दिव्यांगजन हितार्थ चिकित्सा एवं पुनर्वास केंद्र संचलन हेतु सौरभ सागर सेवा संस्थान ने प्राप्त किया ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2024



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। सामर्थ्य सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2024 में ग़ाज़ियाबाद उत्तर प्रदेश स्थित सौरभ सागर सेवा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट को राष्ट्रीय स्तर प्राप्त उपलब्धियों एवं दिव्यांग मरीज़ों को निःशुल्क कृतिम अंग वितरण हेतु दिया कुमारी उप मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं अविनाश गहलोत, सामाजिक अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार द्वारा आयोजनकर्ता डॉक्टर रामजी चन्द्रावल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। जयपुर में राजस्थान इंटरनेशनल में रविवार को आयोजित भव्य कार्यक्रम में सामर्थ्य सेवा संस्थान जो कि एक स्वैच्छिक गैर-लाभकारी संगठन है पिछले कई वर्षों से दिव्यांगों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए काम कर रहा है। संगठन विशेष शिक्षा, दिव्यांगों के लिए खेल, मार्गदर्शन और परामर्श, जल संसाधन संरक्षण, जीवन स्तर में सुधार और सभी स्तरों की अन्य कल्याणकारी गतिविधियों के लिए सेवा प्रदान कर रहा है। समर्थ संस्थान शहरी और ग्रामीण स्थानों पर वंचित समुदाय को व्यापक सेवाएं प्रदान करता है। आज सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2024 में 16 प्रदेशों के 65 प्रतिभावान सामाजिक कार्यकर्ता एवं संस्थाओं को उनके गत वर्षों में किये गए काम के आधार पर प्राप्त उपलब्धिओं के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया गया। सौरभ सागर सेवा संस्थान प्राप्त सामर्थ्य ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड 2024 को पाकर अत्यंत गौरवांतित हैं एवं आगे चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में जीवन आशा अस्पताल और पुनर्वास केंद्र में सुविधा मंच के माध्यम से धर्मार्थ परामर्श और निदान सुविधाओं के कार्यक्रम हेतु और ज्यादा कार्यक्म हेतु प्रेरित है।

### कालोनी में बिक रही अवैध रूप से शराब, शराबी कर रहे आमजन कालोनी वासियों को परेशान



■ संजीवनी टुडे

शिवदासपुरा। यहां कस्बे क्षेत्र में रविवार को शराबियों से परेशान हो कालोनी वासीयो ने स्थानीय शिवदासपुरा थाने में पहुँच कर अवैध रूप से बिक रही शराब की दुकान को बंद करवाने के लिए एक लिखित में परिवाद दर्ज करवाया है। और वही शिवदासपुरा थाना इलाके के पार्श्वनाथ कालोनी ,बीलवा चोखी ढाणी के पास में पिछले कुछ दिनों से एक महिला और उस के बच्चे व उनके परिजनों ने अवैध शराब बेचने का कार्य कर रहे है । और जिससे शराबी लोग नशे में विद्यालय जाते समय बच्चों व महिलाओं को परेशान करते है । और साथ ही गंदी बातें व फपतिया कसते,जिससे परेशान हो स्थानीय निवासियों ने उन्हें समझाने की कोशिश भी की गई तो महिला ने सभी को धमकाया और कहां कि मेरी ऊपर तक जानकारी है । और वही मेरा पुलिस भी कुछ नहीं बिगाड़ सकती है । जो मर्जी आप कर लो मैं तो ऐसे ही शराब विक्रय करती रहूंगी जिससे परेशान होकर सेकड़ो की संख्या में स्थानीय निवासी शिवदासपुरा थाने में पहुंचकर मामला दर्ज करवाया व धरना भी दिया गया है । और वही पुलिस से उचित कार्यवाही की मांग की गई है और वहीं इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष लोग साथ में मौजूद रहे हैं ।

## अनुसूचित जाति समाज के अधिकारियों का सम्मान समारोह संपन्न



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। अनुसूचित जाति विकास परिषद के तत्वाधान में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित और राज्य सरकार द्वारा नवनियुक्त सत्र 2024 में अनुसूचित जाति समाज के अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परिषद के अध्यक्ष रणजीत सिंह जाटव एवं महामंत्री महेश धावनिया ने बताया कि झालाना डूंगरी स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में अनुसूचित जाति के लगभग 100 प्रतिभाशाली अधिकारियों का सम्मान किया गया ,इस सम्मान समारोह में सभी अधिकारियों ने ईमानदारी से देश की सेवा का संकल्प लिया और समाज के विकास में योगदान देने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत उपाध्यक्ष हरिचरण जगरवाल ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिजीत कुमार महापौर नगर निगम भरतपुर और अध्यक्षता टेकचंद राहुल पूर्व जज ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यवीर सिंह पूर्व आईपीएस, पीसी बेरवाल पूर्व संभागीय आयुक्त, गृह विभाग के संयुक्त सचिव दाताराम सहित खान सिंह जी, राम प्रसाद जाटव जी ,सुरेश भ?प्रिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए ,कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास अधिकारी के उपाध्यक्ष अंकित बैरवा, धर्मराज बैरवा ,शीला चावला, उमा भारती ,अमर सिंह जाटव, मांगीलाल जाटव, पुनाराम, संरक्षक महेंद्र आनंद, महेंद्र बेरवा उपस्थित हुए। इस दौरान एक सेमिनार का आयोजन भी हुआ जिसमें अनुसूचित जाति समाज की वर्तमान परिपेक्ष में चुनौतियां, साथ ही बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन करने के लिए छात्रवृत्ति देने की भी योजना का शुभारंभ किया, कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद उपाध्यक्ष अंकित बैरवा ने दिया ,संचालन प्रीति सक्सेना ने किया।

# शिक्षा ऐसी हो जो नवाचारों के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करे: शिक्षा मंत्री दिलावर

■ संजीवनी टुडे

### शिक्षा मंत्री ने उदयपुर में ली आरएससीईआरटी की समीक्षा बैठक

उदयपुर। राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी) की समीक्षा बैठक रविवार देर शाम उदयपुर स्थित परिषद मुख्यालय सभागार में शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में हुई। शिक्षा मंत्री ने परिषद के कामकाज की समीक्षा करते हुए पाठ्यक्रम और पाठ्यसामग्री तैयार करने संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने नैतिक शिक्षा पर बल देते हुए पाठ्यक्रम में संस्कार, नैतिक मूल्यों, स्थानीय नायकों, परिवेश, वैदिक गणित, पॉलिथीन का उपयोग रोकने, भारतीय संस्कारों के वैज्ञानिक आधारों इत्यादि को सम्मिलित करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने एक ऐसी शिक्षा एवं पाठ्यक्रम की आवश्यकता को रेखांकित किया जो नवाचारों के माध्यम से राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती हो एवं जिसे विद्यार्थी सहज ही आत्मसात कर सकें। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि राजस्थान में 50 तरह की बोलियां बोली जाती हैं उन सभी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए अच्छी पाठ्य सामग्री का निर्माण होना चाहिए। आने वाली पीढ़ी का निर्माण हमारी जिम्मेदारी है, ऐसे में पाठ्यक्रम में स्थानीय संदर्भों, नैतिक मूल्यों का समावेश हो ताकि विद्यार्थियों को संस्कारित शिक्षा मिल सके। उन्होंने शिक्षा में नवाचारों और संस्कारों का संतुलन रखते हुए पाठ्यसामग्री को तैयार करने के निर्देश दिए ताकि शिक्षा और उसके तौर तरीकों को सीख कर विद्यार्थी कुशलतापूर्वक आगे बढ़ सकें। शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षण सामग्री निर्माण का कार्य पूर्ण मनोयोग से किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि इस शिक्षण सामग्री में समावेश होने वाले तथ्यों से स्थानीय समुदाय का भी जुड़ाव सुनिश्चित हो। उन्होंने भारतीय संस्कृति के आदर्शों और प्राचीन परंपराओं की



जानकारी विद्यार्थियों को देने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं का समावेश करने की बात कही। उन्होंने कहा कि तिलक लगाने की महत्ता और गाय को गौमाता क्यों कहा जाता है यह भी विद्यार्थियों को पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कैसी शिक्षा देनी है यहां हमारा-आपका दायित्व है, हम सबको बड़ी सावधानी से कार्य करना है। पाठ्य सामग्री तैयार करनी है और विद्यार्थियों के लिए ऐसी पुस्तकों का निर्माण हो जिससे वह आसानी से सीख सके औरउनके व्यक्तित्व का निर्माण हो। बैठक दौरान अवगत कराया गया कि विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए एक व्यापक नीति निर्माण की आवश्यकता है। इसी प्रकार नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग कोर्स डाइट्स के माध्यम से किए जाने का सुझाव भी सामने आया। आरएससीईआरटी द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार शब्द सारणी का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किए जाने हेतु निदेशालय, आरएससीईआरटी एवं समग्र शिक्षा में समन्वय स्थापित किया जाए। विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से परिषद् द्वारा निर्मित विभिन्न वर्कबुक के उपयोग की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

वर्कबुक विकास में अन्य राज्यों के विषय विशेषज्ञों को भी सम्मिलित किया जाए।कॅरियर शिक्षा संबंधी विषय सामग्री का उपयोग भारत सरकार द्वारा हर ब्लॉक पर नियुक्त किए जाने वाले काउंसलर्स की सहायता से की जाए। वर्तमान में चल रहे स्वास्थ्य सर्वे को स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के साथ संरेखित किया जाए। बैठक में परिषद अधिकारियों से औपचारिक परिचय के पश्चात दिलावर ने परिषद का सामान्य परिचय, प्रशासनिक प्रतिवेदन एवं परिषद की कार्ययोजनाओं की भी जानकारी ली। परिषद् के कार्यों के प्रस्तुतीकरण के पश्चात बैठक के विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं यथा- वर्कबुक लेखन, वर्कबुक समीक्षा समिति, कक्षा 1-8 की पाठ्यपुस्तक लेखन समीक्षा, संस्थापन, नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति की अद्यतन स्थिति, विभिन्न प्रभागों के कार्यों की समीक्षा, बजट एवं व्यय समीक्षा, वर्तमान सत्र में शिक्षक प्रशिक्षणों की अद्यतन स्थिति इत्यादि पर विस्तृत चर्चा की गई। आरंभ में निदेशक कविता पाठक एवं मुख्य लेखाधिकारी मधु राठौड़ ने शिक्षा मंत्री एवं अतिथियों का मेवाड़ी परंपरा अनुसार पगड़ी एवं उपरणा से स्वागत किया। इसके पश्चात परिषद् के परिचय, कार्य एवं गतिविधियों का डॉ. शालिनी शर्मा द्वारा पीपीटी के माध्यम में प्रस्तुतीकरण किया गया। वहीं प्रभागवार गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण प्रभागाध्यक्ष के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी शर्मा एवं डॉ. रिपुदमन सिंह उज्जवल ने किया।बैठक में शिक्षा विभाग शासन सचिव कृष्णकुणाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, आरएससीईआरटी निदेशक कविता पाठक, उपनिदेशक कमलेंद्रसिंह राणावत सहित परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# अब तो सवाल यह उठता है कि कांग्रेस जिंदा भी रहेगी या नहीं?



इस बार कांग्रेस की कार्यसमिति से बहुत आशाएं थीं, लेकिन खोदा पहाड़ और उसमें चुहिया भी नहीं निकली। सारी बैठक में इसी मुद्दे पर सात घंटे बहस होती रही कि 23 नेताओं ने यह बैठक बुलाने की मांग क्यों की जिन्होंने कांग्रेस की दशा सुधारने के लिए सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखी थी, वे बेचारे अपना बचाव करते रहे। चिट्ठी लिखने वालों में ज्यादातर कौन थे उनमें सेवा-निवृत्त होने वाले राज्यसभा सदस्य, पूर्व मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व प्रांताध्यक्ष आदि थे। यानी वे लोग जो सोनिया परिवार के कभी कृपा-पात्र रह चुके हैं और अब वे सूखे पत्तों की तरह कांग्रेस के पेड़ पर टंगे हुए हैं। ये लोग क्या चाहते थे ये चाहते थे कि कांग्रेस का अब कोई पूर्णकालिक अध्यक्ष हो। सोनिया जी आजकल बीमार रहती हैं और राहुल का कहना है कि मैं फिर से अध्यक्ष नहीं बनना चाहता। ऐसी स्थिति में इस चिट्ठी का असली अर्थ क्या हुआ यही न कि कोई सोनिया परिवार के बाहर का व्यक्ति अध्यक्ष बने। इस पर राहुल ने पूछ लिया कि ऐसी चिट्ठी लिखने का क्या यही सही वक्त था सोनिया जी अस्पताल में थीं और ये नेता लोग उन्हें चिट्ठियां भेज रहे थे। इन नेताओं ने यह भी कहा था कि सरकार के कदमों की सही और कड़ी आलोचना करने का यह समय कांग्रेस चूक रही है। इस पर राहुल ने वार कर दिया कि इन 23 चिट्ठीबाज नेताओं की भाजपा के साथ मिलीभगत है। इस पर राज्यसभा में कांग्रेस के नेता गुलाम नबी आजाद और पूर्व मंत्री कपिल सिब्बल ने आपत्ति की तो कांग्रेस प्रवक्ता ने राहुल के बयान पर लीपा-पोती कर दी। इस कार्यसमिति ने असली मामले को अगली बैठक तक के लिए टाल दिया। यह अगली बैठक 6 माह बाद होगी या उसके भी बाद, कुछ पता नहीं। लेकिन सोनिया गांधी ने अपने भाषण में परिपक्वता का परिचय दिया और उन्होंने चिट्ठी भेजने वाले नेताओं के प्रति स्नेहपूर्ण शब्द कहे। इस बैठक में जो पांच प्रस्ताव पारित हुए हैं, वे सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तारीफ में हैं और 'कई संकटों से घिरे' वर्तमान भारत के बारे में हैं। भारत कई संकटों से घिरा है या नहीं, लेकिन यह तय है कि कांग्रेस इस समय जैसे संकट में घिरी है, पिछले 135 साल के इतिहास में कभी नहीं घिरी। पिछली सौ-सवा सौ साल में कांग्रेस दर्जनों बार टूटी और बड़े-बड़े नेता उससे अलग हुए लेकिन वह हर बार यूनानी पक्षी फिनिक्स की तरह पुनर्जीवित होती रही है। लेकिन अब तो यह सवाल पैदा हो गया है कि कांग्रेस जिंदा भी रहेगी या नहीं।

कांग्रेस दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सबसे पुरानी पार्टी है। भारत को आजाद कराने का श्रेय भी इसे ही दिया जाता है। आज यह पार्टी संसद और विधानसभाओं में बहुत सिकुड़ गई है लेकिन देश के हर जिले में आज भी इसका संगठन मौजूद है और यह देश की सबसे बड़ी विरोधी पार्टी है। लेकिन डर यह लगता है कि 1885 में इस पार्टी का सृजन विदेश में जन्मे ए.ओ. ह्यूम ने किया था तो अब क्या इसका विसर्जन भी विदेश में जन्मीं सोनिया के हाथों ही होगा यदि ऐसा हुआ तो यह भारतीय लोकतंत्र का दुर्भाग्य होगा। सबल विपक्ष के बिना राज्यतंत्र वैसा ही हो जाता है, जैसे बिना ब्रेक की कार होती है। आज कांग्रेस इतनी अधमरी हो गई है और उसके नेता इतने कमजोर हो गए हैं कि वे कांग्रेस के आंतरिक लोकतंत्र को ही जीवित नहीं रख सकते, तो वे भारत के लोकतंत्र को कैसे जीवंत रख पाएंगे जिन 23 नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा था, उनमें से क्या किसी एक की भी हिम्मत हुई है कि जो बाल गंगाधर तिलक या सुभाषचंद्र बोस या आचार्य कृपलानी या डॉ. लोहिया या जयप्रकाश या चंद्रशेखर की तरह बगावत का झंडा उठा सके कांग्रेस में पिछले 50 साल से चल रहे परिवारवाद को चुनौती दे सके। कार्यसमिति में जब ये पत्रप्रेषक नेता बोले तो इनकी घिग्घी बंधी हुई थी। अकेले राहुल गांधी ने इन सबकी हवा निकाल दी। इनमें से किसी की भी जड़ें जमीन में नहीं हैं। छत में हैं। ये सब उल्टे लटके हुए हैं। इनमें से किसकी हिम्मत है, जो कांग्रेस जैसी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को लोकतांत्रिक बनाने की मांग कर सके। कांग्रेस का यह रोग भारत में महामारी की तरह फैल गया है। यदि कांग्रेस मां-बेटा पार्टी बन गई है तो कोई पार्टी भाई-भाई पार्टी, कोई पति-पत्नी पार्टी, कोई बाप-बेटा पार्टी, कोई चाचा-भतीजा पार्टी और कोई बुआ-भतीजा पार्टी बन गई है। यदि अगली कार्यसमिति की बैठक में कोई गैर-सोनिया परिवार के व्यक्ति को अध्यक्ष बना भी दिया गया तो वह देवकांत बरुआ ही तरह झुके रहेंगे पी.वी. नरसिंहराव की तरह चतुर नेता बहुत कम हैं, जो वैतरणी में से भी अपनी नाव पार कर ले गए।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# जनसंख्या नियंत्रण के लिये आम सहमति बने







प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। बढती आबादी जिसे जनसंख्या विस्फोट का नाम दिया जाता हैं। यह भारत और सम्पूर्ण विश्व समुदाय के लिए आने वाली सबसे विकट समस्याओं में से एक हैं। अत्यधिक तेज गति से बढ़ती जनसंख्या के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ही यह दिवस मनाया जाता है। यह जागरूकता मानव समाज की नई पीढ़ियों को बेहतर जीवन देने का संदेश देती है। बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, प्रदूषण मुक्त वातावरण सहित अन्य आवश्यक सुविधाएँ भविष्य में देने के लिए छोटे परिवार की महती आवश्यकता निरन्तर बढ़ती जा रही है। प्राकृतिक संसाधनों का समुचित दोहन कर मानव समाज को सर्वश्रेष्ठ बनाए रखने और हर इंसान के भीतर इन्सानियत को बरकरार रखने के लिए यह बहुत जरूरी हो गया है कि 'विश्व जनसंख्या दिवस' की महत्ता को समझा जाए।

भारत की आबादी दुनिया में सबसे ज्यादा होनेवाली है। निकट भविष्य में हम चीन को पीछे छोड़ कर 150 करोड़ के आंकड़े को छू लेने वाले है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी का देश होना कोई गर्व की बात नहीं है। बढ़ती आबादी एवं सिकुड़ते संसाधन एक त्रासदी है, एक विडम्बना है, एक अभिशाप है। क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधनों की वृद्धि सीमित है। जनसंख्या वृद्धि ने कई चुनौतियों को जन्म दिया है किंतु इसके नियंत्रण के लिये कानूनी तरीका एक उपयुक्त कदम नहीं माना जा सकता। भारत की स्थिति चीन से पृथक है तथा चीन के विपरीत भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ हर किसी को अपने व्यक्तिगत जीवन के विषय में निर्णय लेने का अधिकार है। भारत में कानून का सहारा लेने के बजाय जागरूकता अभियान, शिक्षा के स्तर को बढ़ाकर तथा गरीबी को समाप्त करने जैसे उपाय करके जनसंख्या नियंत्रण के लिये प्रयास होने चाहिये। परिवार नियोजन से जुड़े परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये तथा ऐसे परिवार जिन्होंने परिवार नियोजन को नहीं अपनाया है उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से परिवार नियोजन हेतु प्रेरित करना चाहिये। बेहतर तो यह होगा कि शादी की उम्र बढ़ाई जाए, स्त्री-शिक्षा को अधिक आकर्षक बनाया जाए, परिवार-नियंत्रण के साधनों को मुफ्त में वितरित किया जाए, संयम को महिमा-मंडित किया जाए और छोटे परिवारों के लाभों को प्रचारित किया जाए। शारीरिक और बौद्धिक श्रम के फासलों को कम किया जाए।

भारत में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने में राजनीति एवं तथाकथित स्वार्थी राजनीतिक सोच है। अधिकांश कट्टरवादी मुस्लिम समाज लोकतांत्रिक चुनावी व्यवस्था का अनुचित लाभ लेने के लिए अपने संख्या बल को बढ़ाने के लिये सर्वाधिक इच्छुक रहते हैं और इसके लिये कुछ राजनीतिक दल उन्हें प्रेरित भी करते हैं। ऐसे दलों ने ही उद्घोष दिया है कि ‟जिसकी जितनी संख्या भारी सियासत में उसकी उतनी हिस्सेदारी।''जनसंख्या के सरकारी आकड़ों से भी यह स्पष्ट होता रहा हैं कि हमारे देश में इस्लाम सबसे अधिक गति से बढ़ने वाला संप्रदाय-धर्म बना हुआ हैं। इसलिए यह अत्यधिक चिंता का विषय है कि ये कट्टरपंथी अपनी जनसंख्या को बढ़ा कर स्वाभाविक रूप से अपने मताधिकार कोष को बढ़ाने के लिए भी सक्रिय हैं। सीमावर्ती प्रांतों जैसे पश्चिम बंगाल, आसाम, कश्मीर आदि में वाकायदा पडौसी देशों से मुस्लिमों की घुसपैठ कराई जाती है और उन्हें देश का नागरिक बना दिया जाता है, यह एक तरह का ‟जनसंख्या जिहाद” है क्योंकि इसके पीछे इनका छिपा हुआ मुख्य ध्येय हैं कि हमारे धर्मनिरपेक्ष देश का इस्लामीकरण किया जाये।

इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्त्र, सीरिया, ईरान, यू.ऐ. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं। फिर भी विश्व में भूमि व प्रकृति का अनुपात प्रति व्यक्ति संतुलित न होने से पृथ्वी पर असमानता बढ़ने के कारण गंभीर मानवीय व प्राकृतिक समस्याएं उभर रही है। सभी मानवों की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए व्यावसायीकरण बढ़ रहा है। बढ़ती हुई जनसंख्या संसाधनों को खा रही है। औद्योगीकरण होने के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है व बढ़ती आवश्यक वस्तुओं की मांग पूरी करने के लिए मिलावट की जा रही है। जिससे स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त वायु प्रदूषण, कूड़े-कर्कट के जलने पर धुआं, प्रदूषित जल व खाद्य-पदार्थ, घटते वन व चारागाह, पशु-पक्षियों का संकट, गिरता जल स्तर व सूखती नदियां, कुपोषण व भयंकर बीमारियां, छोटे-छोटे झगड़ें, अतिक्रमण, लूट-मार, हिंसा, अराजकता, नक्सलवाद व आतंकवाद इत्यादि अनेक मानवीय आपदाओं ने भारत भूमि को विस्फोटक बना दिया है। फिर भी जनसंख्या में बढ़ोत्तरी की गति को सीमित करने के लिए सभी नागरिकों के लिए कोई एक समान नीति नहीं हैं। प्राप्त आंकडों के अनुसार हमारे ही देश में वर्ष 1991, 2001 और 2011 के दशक में प्रति दशक क्रमशः 16.3, 18.2 व 19.2 करोड़ जनसंख्या और बढ़ी है। जबकि उपरोक्त वृद्धि के अतिरिक्त बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और म्यांमार आदि से निरंतर आने वाले घुसपैठिये व अवैध व्यक्तियों की संख्या भी लगभग 7 करोड़ होने से एक और गंभीर समस्या हमको चुनौती दे रही है। इन अराजक होती स्थितियों को नियंत्रित करके ही हम जनसंख्या विस्फोट की समस्या से मुक्ति पा सकते हैं।

इसके विपरीत किसी देश में युवा तथा कार्यशील जनसंख्या की अधिकता तथा उससे होने वाले आर्थिक लाभ को जनसंख्या के लाभ के रूप में देखा जाता है। भारत में मौजूदा समय में विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या युवाओं की है, यदि इस आबादी का उपयोग भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में किया जाए तो यह भारत को लाभ प्रदान करेगा। किंतु यदि शिक्षा गुणवत्ता परक न हो, रोजगार के अवसर सीमित हों, स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा के साधन उपलब्ध न हों तो बड़ी कार्यशील आबादी एक अभिशाप का रूप धारण कर सकती है। अतः विभिन्न देश अपने संसाधनों के अनुपात में ही जनसंख्या वृद्धि पर बल देते हैं। भारत में वर्तमान स्थिति में युवा एवं कार्यशील जनसंख्या अत्यधिक है किंतु उसके लिये रोजगार के सीमित अवसर ही उपलब्ध हैं। ऐसे में यदि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित न किया गया तो स्थिति भयावह हो सकती है। इसी संदर्भ में हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनसंख्या नियंत्रण की बात कही है। यह ऐसी समस्या है जिसे धर्म, जाति, सम्प्रदाय के संकीर्ण नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। जनसंख्या वृद्धि एक नयी चुनौती बनकर हमारे सामने आई और आज भी इस पर काबू पाने में सरकार को कठिनाई हो रही है। जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम देश को भोगने पड़ रहे हैं। अधिक जनसंख्या के कारण बेरोजगारी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गयी है। लोगों के आवास के लिए कृषि योग्य भूमि और जंगलों को उजाड़ा जा रहा है। यदि जनसंख्या विस्फोट यूं ही होता रहा तो लोगों के समक्ष रोटी कपड़ा और मकान की विकराल स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इससे बचने का एक मात्र उपाय यही है की हम येन केन प्रकारेण बढ़ती आबादी को रोकें। अन्यथा विकास का स्थान विनाश को लेते अधिक देर नहीं लगेगी। सरकार को इस विशेष अवसर पर सबकी सहमति से जनसंख्या नियंत्रण पर कानून का निर्धारण करना चाहिए।

**विचार बिन्दु**

**इसके वितरीत विभिन्न मुस्लिम देश टर्की, अल्जीरिया, ट्यूनीशिया, मिस्त्र, सीरिया, ईरान, यू.ऐ. ई., सऊदी अरब व बांग्लादेश आदि ने भी कुरान, हदीस, शरीयत आदि के कठोर रुढ़ीवादी नियमों के उपरांत भी अपने-अपने देशों में जनसंख्या वृद्धि दर नियंत्रित करने के कठोर उपक्रम किये हैं। फिर भी विश्व में भूमि व प्रकृति का अनुपात प्रति व्यक्ति संतुलित न होने से पृथ्वी पर असमानता बढ़ने के कारण गंभीर मानवीय व प्राकृतिक समस्याएं उभर रही है। सभी मानवों की आवश्यकता पूर्ण करने के लिए व्यावसायीकरण बढ़ रहा है।**



ललित गर्ग

# भगवान गणेश को क्यों पसंद है 'दूर्वा'



गणेश जी को दूर्वा अत्याधिक प्रिय क्यों है इसके संबंध में पुराणों में एक कथा कही गई है जिसके अनुसार अनादि काल में अनलासुर नाम का एक विशाल दैत्य हुआ करता था जिसके कोप से धरती सहित स्वर्ग लोक में भी त्राही-त्राही मची हुई थे। मोदक और लड्डू का भोग तो भगवान गणेश जी को अति प्रिय है ही इसके अलावा गणेश जी को 'दूर्वा' चढ़ाने का भी काफी महत्व है। कहा जाता है कि गणेश पूजन में गणेश जी को दूर्वा अर्पित करने से गणेश जी प्रसन्न होते हैं और भक्त को उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

आपको बता दें कि 'दूर्वा' एक प्रकार की घास है जिसे 'दूब' भी कहा जाता है, संस्कृत में इसे दूर्वा, अमृता, अनंता, गौरी, महौषधि, शतपर्वा, भार्गवी आदि नामों से जाना जाता है। 'दूर्वा' कई महत्वपूर्ण औषधीय गुणों से युक्त है। इसका वैज्ञानिक नाम साइनोडान डेक्टीलान है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय जब समुद्र से अमृत-कलश निकला तो देवताओं से इसे पाने के लिए दैत्यों ने खूब छीना-झपटी की जिससे अमृत की कुछ बूंदे पृथ्वी पर भी गिर गईं थी जिससे ही इस विशेष घास 'दूर्वा' की उत्पत्ति हुई। गणेश जी को दूर्वा अत्याधिक प्रिय क्यों है इसके संबंध में पुराणों में एक कथा कही गई है जिसके अनुसार अनादि काल में अनलासुर नाम का एक विशाल दैत्य हुआ करता था जिसके कोप से धरती सहित स्वर्ग लोक में भी त्राही-त्राही मची हुई थे। समस्त देवता, ऋषि-मुनि, मानव इस दैत्य के आतंक से त्रस्त थे। यह दैत्य धरती पर मानवों को जिंदा ही निगल जाता था। इस विशालकाय दैत्य से तंग आकर एक बार देवराज इंद्र सहित समस्त देवता और ऋषि-मुनि महादेव शिवजी की शरण में पहुंचे और प्रार्थना की कि हमें इस दैत्य के आतंक से मुक्ति दिलाएं। महादेव ने कहा कि यह काम तो विध्नहर्ता गणेश ही कर सकते हैं, आपको उनकी शरण में जाना चाहिए। महादेव का आदेश पाकर सभी देवता और प्रमुख ऋषि-मुनि भगवान गणेश जी के पास पहुंचे और अनलासुर के कोप से मुक्ति दिलाने की विनती गणपति बप्पा से की। देवताओं, ऋषि-मुनियों और धरती पर प्राणियों के संकट निवारण के लिए गणेश जी ने अनलासुर के साथ युद्ध करने का निश्चय किया। महा दैत्य अनलासुर से भयंकर युद्ध करते हुए गणेश जी ने अनलासुर को उसके किए की सजा कुछ ऐसे दी कि उसको ही निगल लिया। गणेश जी के पेट में जाने के बाद इस दैत्य के मुंह से तीव्र अग्नि निकली जिससे गणेश के पेट में बहुत जलन होने लगी। गणपति के पेट की जलन शांत करने के लिए कश्यप ऋषि ने गणेश जी को दूर्वा की 21 गांठें बनाकर खाने के लिए दी। 'दूर्वा' को खाते ही गणेश जी के पेट की जलन शांत हो गई और गणेश जी प्रसन्न हुए जिसके बाद सभी देवताओं, ऋषि-मुनियों सहित समस्त धरती वासियों ने गणेश की खूब जय-जयकार की। कहा जाता है तभी से भगवान गणेश को दूर्वा चढ़ाने की परंपरा प्रारंभ हुई।

## आज का इतिहास



### 02 सितम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1573 | अकबर ने गुजरात फ़तह किया। |
| 1666 | लंदन में भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हुई और दस हज़ार इमारतें नष्ट हो गयी। |
| 1775 | पहले अमेरिकी युद्ध पोत 'हाना' का जनरल जॉर्ज वाशिंगटन ने जलावतरण किया गया। |
| 1789 | अमेरिका में राजस्व विभाग बनाया गया। |
| 1926 | इटली और यमन में हुए समझौते के तहत लाल सागर तट पर इटली का वर्चस्व कायम हुआ। |
| 1930 | 'क्वेश्चन मार्क' नामक विमान ने यूरोप से अमेरिका के लिए बिना कहीं रुके पहली बार उड़ान भरी। |
| 1945 | जापान द्वारा हार स्वीकार कर लिए जाने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ। |
| 1945 | हो ची मिन्ही ने स्वतंत्र वियतनाम गणराज्य की स्थापना की। |
| 1946 | जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन। |
| 1956 | हैदराबाद से सौ किलोमीटर दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच पुल ढ़हने से 125 लोगों की मौत। |
| 1962 | सोवियत संघ क्यूबा को हथियार देने पर राजी हुआ। |
| 1969 | अमेरिका के न्यूयॉर्क में पैसे निकालने वाली मशीन ऑटोमैटिक टैलर मशीन (ए.टी.एम.) को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया गया। |
| 1990 | काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्री मारे गए। |

# सहशिक्षा बन्द खिड़कियां खोलने की सार्थक दिशा

**विचार बिन्दु**



ललित गर्ग

**स्त्री के प्रति संकीर्ण सोच एवं उपेक्षा के कारण समाज भीतर ही भीतर से खोखला बना रहा है। इसके कारण स्त्रियों को कितना प्रताड़ित होना पड़ता है।**

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सदर अरशद मदनी का एक विरोधाभासी बयान चर्चा में हैं। उनका यह बयान कि लड़कियों और लड़कों की शिक्षा अलग-अलग होनी चाहिए, एक प्रतिगामी विचार तो है ही, भारतीय संविधान की मूल भावना के भी खिलाफ है। जब हम नया भारत, सशक्त भारत बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं, ऐसे समय में इस तरह के संकीर्ण विचारों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। आज जब अफगानिस्तान में तालिबान के काबिज होने के साथ अफगानी बच्चियों और औरतों के भविष्य को लेकर जब पूरी दुनिया चिंता में डूबी हुई है, तब ऐसे विसंगतिपूर्ण बयानों को कोई भी हिन्दुस्तानी खारिज ही करेगा। एक मंजिल, एक रास्ता और एक दिशा- फिर समाज एवं राष्ट्र को बनाने वाली दो शक्तियां आगे-पीछे क्यों चले? क्यों इन मूलभूत शक्तियों के मिलन-प्रसंग, साथ-साथ चलने में संकीर्णता की बदली ऊपर लाई जाती है? क्यों दो हाथ मिलने की बात को ओट में छिपाने की वकालत की जाती है?

इक्कीसवीं सदी के भारतीय समाज ने सोच के स्तर पर भी लंबा सफर तय कर लिया है। देश के सभी वर्गों की बेटियां आज मुख्यधारा में शामिल हो तरक्की की नई-नई इबारतें लिख रही हैं। ऐसे नये बनते भारत में सहशिक्षा की सफलता के नये मुकाम भी हासिल हो चुके हैं, फिर क्यों अरशद मदनी लड़कियों और लड़कों के लिए अलग-अलग स्कूल-कॉलेज खोले जाने का आलाप जप रहे हैं। इसलिए केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मदनी को उचित याद दिलाया है कि भारत शरीयत से नहीं, बल्कि संविधान से संचालित एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है, और भारतीय संविधान ने अपनी बेटियों को बेटों के बराबर सांविधानिक अधिकार दिए हैं। एक नागरिक के तौर पर अपने बेहतर भविष्य के लिए वे हर वह फैसला कर सकती हैं, जो इस देश के लड़कों को हासिल है।

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में एवं प्रगतिशीलता के युग में लड़के और लड़कियों को अलग-अलग शिक्षा देने जैसी बातें अपरिपक्व एवं संकीर्ण सोच की परिचायक हैं। क्यों स्त्री को दूसरी श्रेणी का नागरिक माना जाता है, जबकि स्त्री की रचनात्मक ऊर्जा का उपयोग व्यापक स्तर पर देश के समग्र विकास में हो रहा है। जिन समुदायों में आज भी स्त्री को हीन और पुरुष को प्रधान माना जाता है और इसी मान्यता के आधार पर परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में स्त्री एवं पुरुष की समान हिस्सेदारी नहीं होती, उन समुदायों को अपनी सोच की अपूर्णता पर विचार करना चाहिए, सोच को व्यापक बनाना चाहिए। 'एक हाथ से ताली नहीं बजती', 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता', 'अकेली लकड़ी, सात की भारी' आदि कुछ कहावतें हैं, जो स्त्री-पुरुष समानता की श्रेष्ठता को प्रमाणित करती हैं। स्त्री और पुरुष जब तक अकेले रहते हैं, अधूरे होते हैं। अकेली स्त्री या अकेले पुरुष से न सृष्टि होती है, न समाज होता है और न परिवार होता है। जो कुछ होता है, दोनों के मिलान से होता है। इसी दृष्टि से स्त्री और पुरुष को एक-दूसरे का पूरक माना गया है। इसकी नींव को मजबूती देने में सहशिक्षा का प्रयोग कारगर है, प्रासंगिक है। भारत तो सदियों से स्त्री-पुरुषों की समानता की पैरवी करता रहा है। भगवान महावीर ने अपने धर्मसंघ में पुरुषों को जितने आदर से प्रवेश दिया, उतने ही आदर से महिलाओं को भी प्रवेश दिया। न केवल महावीर बल्कि गांधी, स्वामी विवेकानन्द, आचार्य तुलसी जैसे महापुरुषों ने भी स्त्री-पुरुष के बीच की दूरियों को मिटाने एवं असमानता को दूर करने के प्रयत्न किये। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इन्हीं दिशाओं में सफल एवं सार्थक प्रयत्न करते हुए लैंगिक बराबरी की सफलता के उपक्रम कर रहे हैं।

इस लैंगिक बराबरी की राह में जो कुछ रुकावटें बाकी भी हैं, उन्हें देश की सर्वोच्च अदालत अपने फैसलों से दूर कर रही है। भारत की ही भांति कई इस्लामी मुल्कों में भी सहशिक्षा की व्यवस्था है, और वह बाकायदा चल रही है। आने वाले दौर की जरूरतों और तेजी से बदलती दुनिया के मद्देनजर अरब देशों को औरतों पर लगी पाबंदियां आहिस्ता-आहिस्ता उठानी पड़ रही हैं। कतर जैसे देश में तो लड़कियों को खेल-कूद तक में बराबरी का हक मिलने लगा है। वहां लड़के-लड़कियों की साक्षरता-दर में मामूली सा फर्क रह गया है। इन नयी बनती फिजाओं में कट्टरवादी समाजों की संकीर्ण एवं प्रतिगामी सोच को समर्थन नहीं मिल सकता। राष्ट्रीय एवं सामाजिक स्तर पर महिलाएं और युवक मिलकर बहुत बड़ी क्रांति ला सकते हैं। वर्षों से प्रयत्न करने और कानून बनने पर भी जो काम नहीं हो पा रहा है, वह इन दो वर्गों के संयुक्त प्रयास से बहुत जल्दी हो सकता है।

# मधुमेह रोगियों को लेना चाहिए योग का सहारा



हैल्थ संवाददाता

**भारत में आज लगभग हर घर में आपको कोई न कोई मधुमेह का रोगी मिल ही जाएगा। वैसे तो आमतौर पर लोग इस बीमारी को कोई खास तवज्जो नहीं देते लेकिन एक बार इस बीमारी की जद में आ जाने के बाद इससे छुटकारा पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। साथ ही यह एक ऐसी बीमारी है कि जिसके बाद मनुष्य को बहुत सी चीजों से किनारा करना पड़ता है। इतना ही नहीं, कुछ समय पहले तक जहां यह एक उम्र के बाद ही लोगों को अपनी चपेट में लेता था, वहीं गलत खान-पान व जीवनशैली के कारण वर्तमान में कम उम्र के लोग भी इससे पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में यह बेहद आवश्यक है कि कुछ ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे आपका शुगर कंट्रोल में रहे। मधुमेह को नियंत्रित रखने में योग आपके काफी काम आ सकता है। तो आईए जानते है मधुमेह को कंट्रोल करने वाले कुछ योगासनों के बारे में-**

पश्चिमोत्तानासन- इस आसन से शरीर का पाचनतंत्र मजबूत होता है और शरीर में रक्त का संचार तेजी से होता है, जिससे व्यक्ति को डायबिटीज से लड़ने में आसानी होती है। यह आसन करने के लिए पैर सीधे फैलाकर बैठ जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और सांस भरते हुए पैरों के तलवे को पकड़ने की कोशिश करें। घुटने से माथा सटना चाहिए। फिर सांस छोड़ते हुए हाथ ऊपर करके सामान्य हो जाएं। इस प्रक्रिया को दो से तीन पर बार दोहराएं।

**सर्वांगासन:** यह शरीर का संपूर्ण व्यायाम है। इसे करने से थॉयराइड और पैराथॉयराइड ग्रंथियों को मजबूती मिलती है। इसे करने के पहले सीधे लेट जाएं, फिर पैरों को धीरे-धीरे उठाते हुए 90 डिग्री का कोण बनाएं। हाथों से कमर को सहारा दें। इस आसन में शरीर का सारा भार गर्दन पर पड़ना चाहिए। पैरों को सीधा रखें।

**अर्ध मत्स्येन्द्रासन:** यह आसन यकृत व मूत्राशय को सक्रिय बनाता है। जिन लोगों के शरीर के भीतर इंसुलिन का उत्पादन नहीं होता या जिन्हें मधुमेह की बीमारी होती है, यह अभ्यास उनके शरीर में अग्नाशय को सक्रिय बनाकर इंसुलिन के उत्पादन में सहयोग देता है, इसलिए यह मधुमेह के उपचार के लिए रामबाण दवा है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले सामने की ओर दोनों पैरों को फैलाकर बैठ जाएं। अब दाहिने पैर को मोड़ते हुए बाएं घुटने के बगल में बाहर की ओर रखें। इसके बाद बाएं को दाहिने ओर मोडिए। एडी दाहिने नितम्ब के पास रहें। बाएं हाथ को दाहिने पैर के बाहर की ओर रखते हुए दाहिने पैर के टखने या अंगूठे को पकड़ें। दाहिना हाथ पीछे की ओर कमर में लपेटते हुए शरीर को दाहिनी ओर मोडें। अंतिम अवस्था में पीठ को अधिक से अधिक मोड़ने की कोशिश करें। एक मिनट इस अवस्था में रूकने के बाद धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में आ जाएं। अब इसी क्रिया को विपरीत दिशा में करें। गर्भावस्था के दौरान व हृद्य रोगियों को यह आसन नहीं करना चाहिए।


**प्राणायाम:** प्राणायाम मधुमेह के रोगियों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। खासतौर से, भ्रामरी और भस्त्रिका प्रणायाम तो डायबिटिक लोगों को जरूर करना चाहिए। इनके नियमित अभ्यास से स्ट्रेस लेवल कम होता है और शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। भ्रामरी प्राणायाम करने के लिए पद्मासन में बैठ जाएं। अंगूठे से कान बंद करें और ऊपर की तीन उंगलियों को आंखों पर रखें। अब गहरी सांस लेते हुए गले से उच्चारण करें। भस्त्रिका प्रणायाम के लिए पद्मासन में बैठ जाएं। गहरी सांस लें और उसे जल्दी-जल्दी छोड़ें। इस प्रक्रिया में मुंह बंद रखें और सांस की सारी प्रक्रिया नाक से ही करें।

**सूर्य नमस्कार:** अगर आपके पास सभी आसनों को करने का पूरा समय नहीं है तो रोज दो से तीन बार सूर्य नमस्कार अवश्य करें। सिर्फ इस आसन को करने से भी आप काफी हद तक इस रोग को नियंत्रित कर सकेंगे। इससे श्वास, पेट और प्रतिरोधी क्षमता को लाभ पहुंचता है।

## इन बातों का रखें ख्याल

अगर आप योग द्वारा मधुमेह का उपचार कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। सर्वप्रथम हमेशा खाली पेट ही योग क्रिया करें। साथ ही ढीले, हल्के व आरामदायक वस्त्र पहनकर ही योग करें। ऐसा जरूरी नहीं है कि आप सभी योगासन करें लेकिन जो भी करें, उसे सही ढंग से करें। साथ ही इसे चंद दिनों की चांदनी न बनाएं बल्कि जीवनपर्यन्त हमेशा करने की आदत डालिए। योगासन के अतिरिक्त अगर संभव हो तो सप्ताह में एक दिन नेती क्रिया या कुंजल क्रिया अवश्य करें। इन क्रियाओं को शुरूआत में किसी विशेषज्ञ की देख-रेख में ही करें।

# 'पपीते का रस वाकई है डेंगी की कारगर दवा'





डेंगी के मरीजों को पपीते के पत्ते से फायदा होता है या नहीं अभी इस पर सवालिया निशान हैं, लेकिन श्रीलंकाई वैज्ञानिकों की रिसर्च को ब्रिटिश मेडिकल जर्नल ने पब्लिश कर इसके यूज करने के तरीके पर गाइडलाइन जारी की है। जर्नल की इस स्टडी के अनुसार, पपीते के पत्ते से डेंगी के मरीजों में बुखार के पहले दिन से ही फायदा होता है। साथ ही, यह भी कहा गया है कि अभी तक जितनी भी स्टडी हुई है, किसी में इसके साइड इफेक्ट की बात सामने नहीं आई है। लेकिन, अभी तक न तो डब्ल्यूएचओ ने इसे रिकमंड किया है और न ही नैशनल गाइडलाइन में इसे शामिल किया गया है। इस रिसर्च पेपर का हवाला देते हुए गंगाराम अस्पताल के डॉक्टर प्रत्युष कुमार ने कहा कि पपीते के पत्ते के कई फायदे बताए गए हैं, जैसे- यह डेंगी फीवर के ड्यूरेशन को कम करता है, अस्पताल में मरीज के ठहराव को कम करता है, बॉडी से फ्ल्यूड लीक नहीं होने देता और वाइट ब्लड सेल्स और प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाता है। डॉक्टर ने बताया कि इस स्टडी में यह भी कहा गया है कि बुखार कन्फर्म होने के पहले दिन से ही पपीते के पत्ते का रस दिया जा सकता है। हालांकि, यह रस कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि अभी तक इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं देखा गया है। रिसर्च पेपर में कहा गया है कि अगर किसी को डेंगी पकड़ में आया है तो उसे तुरंत ऐलोपैथिक डॉक्टर से इलाज शुरू कराना चाहिए और पपीते के पत्ते का इस्तेमाल अलग से डेंगी मैनेजमेंट के लिए किया जा सकता है। पत्ते का जूस कभी भी किसी भी स्टेज में दिया जा सकता है। लेकिन, बुखार आने के पहले दिन से देने पर इसका फायदा बहुत ज्यादा होता है। इसमें कहा गया है कि यह जूस एक अडल्ट को 30 एमएल दिन में तीन बार दिया जाना चाहिए और बच्चों को 5 से 10 एमएल दिन में तीन बार दें। हालांकि इसमें यह भी कहा गया है कि जूस पीने के बाद एक घूंट पानी पी सकते हैं, ताकि इसका कड़वा टेस्ट खत्म हो जाए।

## ऐसे तैयार करें पपीते का जूस

इस गाइडलाइन में जूस बनाने का तरीका भी बताया गया है। इसके मुताबिक सबसे पहले हेल्दी और फ्रेश पपीते के पत्ते को लें। इसे अच्छी तरह से धो लें और चॉप कर दें, इसके बाद 50 ग्राम पत्ते लें, इसमें 50 एमएल पानी (पानी गर्म करके ठंडा कर लें) और 25 ग्राम चीनी मिलाएं। इसे 15 मिनट तक मिक्स करें। मिक्स होने के बाद इसे 30 मिनट तक छोड़ दें, इसके बाद इससे जूस निकाल लें। जूस निकालने के लिए हाथों का ही यूज करें। इसके बाद यह जूस डेंगू मरीज को पिलाएं। एक बार तैयार किए गए जूस को 24 घंटे तक फ्रिज में रख सकते हैं।

# दिव्य औषधीय गुणों से भरपूर है करेला

हैल्थ संवाददाता

**लेटिन में मोर्डिका तथा अंग्रेजी में बिटर गॉर्ड के नाम से पुकारा जाने वाला करेला बेल पर लगने वाली सब्जी है। इसका रंग हरा होता है इसकी सतह पर उभरे हुए दाने होते हैं। इसके अंदर बीज होते हैं। यह अपने स्वाद के कारण काफी प्रसिद्ध है। इसका स्वाद बहुत कडुवा होता है इसलिए प्रायः कडुवे (बुरे) स्वभाव वाले व्यक्ति की तुलना करेले से कर दी जाती है। एक अच्छी सब्जी होने के साथ-साथ करेले में दिव्य औषधीय गुण भी होते हैं। यह दो प्रकार का होता है बड़ा तथा छोटा करेला। बड़ा करेला गर्मियों के मौसम में पैदा होता है जबकि छोटा करेला बरसात के मौसम में। चूंकि इसका स्वाद बहुत कडुवा होता है इसलिए अधिकांश लोग इसकी सब्जी को पसंद नहीं करते। इसके कड़वेपन को दूर करने के लिए इसे नमक लगाकर कुछ समय तक रखा जाता है।**



## करेला में पोषक तत्व

करेले की तासीर ठंडी होती है। यह पचने में हल्का होता है। यह शरीर में वायु को बढ़ाकर पाचन क्रिया को प्रदीप्त कर, पेट साफ करता है। प्रति 100 ग्राम करेले में लगभग 92 ग्राम नमी होती है। साथ ही इसमें लगभग 4 ग्राम कार्बोहाइट्रेट, 1.5 ग्राम प्रोटीन, 20 मिलीग्राम कैल्शियम, 70 मिलीग्राम फास्फोरस, 1.8 मिलीग्राम आयरन तथा बहुत थोड़ी मात्रा में वसा भी होता है। इसमें विटामिन ए तथा विटामिन सी भी होता है जिनकी मात्रा प्रति 100 ग्राम में क्रमश: 126 मिलीग्राम तथा 88 मिलीग्राम होती है।

## गर्मियों के लिए अच्छा है करेला

नमी अधिक तथा वसा कम मात्रा में होने के कारण यह गर्मियों के लिए बहुत अच्छा है। इसके प्रयोग से त्वचा साफ होती है और किसी प्रकार के फोड़े-फुन्सी नहीं होते। यह भूख बढ़ाता है, मल को शरीर से बाहर निकालता है। मूत्र मार्ग को भी यह साफ रखता है। इसमें विटामिन ए अधिक होने के कारण यह आखों की रोशनी के लिए बहुत अच्छा होता है। रतौंधी होने पर इसके पत्तों के रस का लेप थोड़ी-सी काली मिर्च मिलाकर लगाना चाहिए। इस रोग के कारण रोगी को रात में कुछ भी दिखाई नहीं पड़ता। विटामिन सी की अधिकता के कारण यह शरीर में नमी बनाए रखता है और बुखार होने की स्थित मिं बहुत लाभकारी होता है। करेले की सब्जी खाने से कभी कब्ज नहीं होती यदि किसी व्यक्ति को पहले से कब्ज हो तो वह भी दूर ही जाती है। इससे एसीडिटी, छाती में जलन और खट्टी डकारों की शिकायत भी दूर हो जाती है।

## बुखार में कारगर है करेला

बढ़े हुए यकृत, प्लीहा तथा मलेरिया बुखार में यह बहुत फायदेमंद सिद्ध होता है। इसके लिए रोगी को करेले के पत्तों या कच्चे करेले को पीसकर पानी में मिलाकर पिलाया जाता है। यह इस दिन में कम से कम तीन बार पिलाना चाहिए। कच्चा करेला पीसकर पिलाने से पीलिया भी ठीक हो जाता है। रस निकालने से पहले पत्तों या करेले को ठीक से रगड़कर धोना जरूरी होता है क्योंकि आजकल फल सब्जियों को रोगों तथा कीड़ों से बचाने के लिए अनेक रसायन छिड़के जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए हानिकारक होते हैं। जोड़ों के दर्द तथा गठिया रोग में करेले की सब्जी बिना कडुवापन दूर किए दिन में तीनों समय अर्थात सुबह नाश्ते में और फिर दोपहर तथा रात्रि के भोजन में खाई जानी चाहिए। फोड़े-फुन्सी तथा रक्त विकार में करेले का रस लाभकारी होता है। इन पर करेले के पत्तों का लेप भी किया जा सकता है। करेले का रस निकालते समय यह ध्यान रखें कि यह बहुत ज्यादा पतला न हो और उसे साफ बर्तन में निकाला जाए।


## कुष्टरोग में करेला है रामबाण

त्वचीय रोग, कुष्ठ रोग तथा बवासीर में करेले को मिक्सी में पीसकर प्रभावित स्थान पर हल्के-हल्के हाथों से लेप लगाना चाहिए। यह लेप नियमित रूप से रात को सोने से पहले लगाएं। जब तक इच्छित लाभ न हो लेप लगाना जारी रखना चाहिए। करेले के रस की एक चम्मच मात्रा में शक्कर मिलाकर पीने से खूनी बवासीर में लाभ होता है। यह शरीर में उत्पन्न टॉकसिन्स तथा उपस्थित अनावश्यक वसा को दूर करता है अत: यह मोटापा दूर करने में भी विशेष रूप से सहायक होता है।

जिस स्त्री को मासिक स्राव बहुत कठिन तथा दर्द भरा हो तो उसे भी करेले के रस का सेवन करना चाहिए। इसका सेवन गर्भवती स्त्रियों में दूध की मात्रा भी बढ़ाता है।

# आयुर्वेद में हैं स्मरण शक्ति बढ़ाने वाली कई जड़ी बूटियाँ

स्मरण शक्ति का हमारे जीवन में क्या महत्व है इससे हम सभी परिचित हैं। दरअसल स्मरण शक्ति ही हमारे जीवन की दिशा निर्धारित करती है। अच्छी स्मरण शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध होती है। रोजमर्रा के जीवन में भी अनेक कार्य ऐसे होते हैं जो हम अपनी स्मरण शक्ति के आधार पर ही करते हैं। यदि यही स्मरण शक्ति क्षीण हो जाए तो निश्चय ही हम स्वयं को असहाय स्थिति में पाएंगे। तनाव एक ऐसा कारक है जो स्मरण शक्ति को कमजोर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राय: तनावग्रस्त व्यक्ति ही तथ्यों को ठीक से याद नहीं रख पाते इसके अतिरिक्त गहरी दिमागी चोट, कोई घातक रोग या किसी शोक में पड़ने के कारण भी स्मरण शक्ति कमजोर पड़ जाती है। नशीले पदार्थों का ज्यादा मात्रा में लगातार सेवन करने से भी स्मरण शक्ति क्षीण होने लगती है। स्मरण शक्ति का प्रभाव उम्र से भी संबंधित होता है किशोरावस्था तथा नौजवानी में स्मरण शक्ति तेज होती है। बढ़ती उम्र के साथ-साथ स्मरण शक्ति भी घटती जाती है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के लिए अच्छी स्मरण शक्ति का खासा महत्व है इसलिए अच्छी स्मरण शक्ति की नींव बचपन से ही डाली जानी चाहिए। यदि बचपन से ही इस बात का ख्याल रखा जाए कि बच्चे की स्मरण शक्ति तेज हो तो आगे चलकर वह कुशाग्र बुद्धि वाला बनता है। आयुर्वेद में अनेक ऐसी जड़ी-बूटियां हैं जिनका प्रयोग स्मरण शक्ति को तेज करने के लिए प्राचीन काल से ही किया जा रहा है। एक से तीन वर्ष तक के बच्चों को ब्राह्मी तथा शंखपुष्पी का शरबत नियमित रूप से देना चाहिए। इनके प्रयोग से बच्चे हृष्ट-पुष्ट तथा कुशाग्र बुद्धि वाले बनते हैं। इसके अतिरिक्त बेल का शरबत भी मस्तिष्क को पुष्ट करता है। ब्राह्मी का शरबत बनाने के लिए 50 ग्राम ब्राह्मी के पत्ते लेकर कैंची से काटकर साफ कर लें। बाद में उसे पीस कर उबालें जब तक कि अधिकांश पानी वाष्पित न हो जाए। जब यह पानी केवल 250 ग्राम रह जाए तो उसमें लगभग 500 ग्राम चीनी डालकर दो तार की चाशनी होने तक पका लें। इसी प्रकार शंखपुष्पी का शरबत भी बनाया जा सकता है। शंखपुष्पी के फूल बाजार में आसानी से मिल जाते हैं। देखने में ये शंख जैसे लगते हैं। तीन वर्ष तक के बच्चों को इस शरबत की एक चम्मच मात्रा सुबह और इतनी ही मात्रा शाम को दी जा सकती है। इससे बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है। आंवले, गाजर तथा सेब के मुरब्बे को एक साथ मिक्सी में पीसकर चटनी बना लें। बाद में इस चटनी में 5-5 ग्राम ब्राह्मी, शंखपुष्पी तथा जटामांसी का चूर्ण मिला लें। लगभग 10 ग्राम छोटी इलायची भी पीस कर इसमें मिला लें। इस चटनी को किसी साफ-सुधरे मर्तबान में संग्रहित कर लें। तीन से आठ वर्ष तक के बच्चों को यह चटनी दिन में तीन बार सुबह, दोपहर तथा शाम को आधी से एक चम्मच दें। इससे बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ती है। आठ से बीस वर्ष तक के बच्चों को एक अवलेह दिया जा सकता है। जिससे स्मरण शक्ति तेज होती है। इस अवलेह को बनाने के लिए कागजी बादाम की गिरी, अखरोट की गिरी, कच्चे चिलगोजे की 100-100 ग्राम मात्रा तथा 100 ग्राम चारों मगज (खरबूजा, तरबूज, खीरा तथा घीया) को मिलाकर ऑवले का पिसा हुआ मुरब्बा मिला लें। बाद में इस मिश्रण में ब्राह्मी शंख पुष्पी तथा जटांमासी का 10-10 ग्राम चूर्ण तथा छोटी इलायची का 20 ग्राम चूर्ण मिला ले। इस अवलेह को साफ मर्तबान में भरकर रखें। इस मिश्रण की एक-एक चम्मच मात्रा सुबह-शाम लें। इसे गुनगुने दूध के साथ भी लिया जा सकता है। इसके सेवन से स्मरण शक्ति तो दुरुस्त रहती है साथ ही यह हृदय, नेत्र तथा दांतों को भी पुष्ट करता है। बच्चों को भोजन के बाद मौसम के अनुसार यदि गाजर, घीया या फूल मखाने की खीर दी जाए तो इससे भी शरीर एवं मस्तिष्क स्वस्थ रहता है। कमलगट्टे के हलुए का सेवन सभी उम्र के लोग कर सकते हैं। मस्तिष्क के लिए यह अमृत के समान होता है। इसे बनाने के लिए कमलगट्टे के बीज निकालकर उसका छिलका उतार लें। इसका हरा भाग हटा दें। इसे पीसकर शुद्ध घी में गुलाबी होने तक भून लें बाद में इसमें चीनी तथा पिसी इलायची मिला लें। यह हलुआ शरीर को निरोग बनाए रखने में भी मदद देता है।



# डेब्यू फिल्म के लिए मिली थी सिर्फ 11 हजार रुपए की फीस

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव ने 31 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाया। इन दिनों एक्टर अमर कौशिक के निर्देशन में बनी और सिनेमाघरों में लगी फिल्म 'स्त्री 2' की वजह से खूब चर्चा बटोर रहे हैं। एक्टर ने फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से एक्टिंग डेब्यू किया था। उन्हें यह पहला ब्रेक दिबाकर बनर्जी ने दिया था। कई ऑडिशन देने और लंबे संघर्ष के बाद निर्देशक दिबाकर बनर्जी की फिल्म 'लव, सेक्स और धोखा' में राजकुमार राव को ब्रेक। यह फिल्म साल 2010 में आई थी। राजकुमार को 'लव, सेक्स और धोखा' के लिए सिर्फ 11 हजार रुपए फीस दी गई थी। इस साल मई में उनकी फिल्म 'श्रीकांत' रिलीज हुई।

## लाइफ Style



# कंगना 'जर्नलिज्म की इज्जत रखो'

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 06 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले कंगना रनौत प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसके लिए वो अलग-अलग मीडिया पोर्टल को इंटरव्यू दे रही हैं। फिल्म के प्रमोशन के लिए एक मीडिया पोर्टल को दिए इंटरव्यू के बाद कंगना रनौत का उस मीडिया पोर्टल पर गुस्सा फूटा है।

कंगना अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करके मीडिया पोर्टल के साथ नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने ट्वीट कर उस मीडिया पोर्टल से कहा, जर्नलिज्म की इज्जत रखो। दरअसल, मीडिया पोर्टल ने कंगना रनौत के इंटरव्यू का सिर्फ एक छोटा क्लिप जारी किया है। इस क्लिप में कंगना रनौत किसान आंदोलन और आरक्षण पर अपनी राय देती नजर आ रही हैं। कंगना ने इसी बात पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मीडिया पोर्टल से कहा, एक बार पूरा इंटरव्यू डालो, अनकट, डरते क्यों हो? कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को बैन करने की मांग हो रही है। फिल्म में कंगना रनौत ने इंदिरा गांधी का किरदार निभाया है। कंगना ने अपने ट्वीट पर लिखा- अरे लल्लनजी और कितना एडिट करोगे, आपके मास्टर्स अभी भी खुश नहीं हुए आपसे? एक बार सारा इंटरव्यू डालो, अनकट, डरते क्यों हो? इसी के साथ कंगना रनौत ने लिखा- संगीत का चयन और दो घंटे की बातचीत से छोटे-छोटे शॉट्स काटकर संदर्भ से बाहर चिपका दिए गए, वाह!! इतना असुरक्षित महसूस हो रहा है कि चार दिन हो गए हैं, मेरी टीम पूरा इंटरव्यू मांग रही है, लेकिन आप अभी भी इंटरव्यू नहीं दे पाए? आपने बुलाया और हम आ गए लेकिन कुछ तो जर्नलिज्म की इज्जत रखो, कि सब बेच दिया?

## हॉलीवुड मसाला



# पहली झलक देख हो जाएंगे दीवाने

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल कॉमिक्स, मार्वल स्टूडियो और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दीवानों के लिए करीब तीन मिनट का यह वीडियो बेहद इमोशनल और एक्साइटमेंट से भरा हुआ है। मार्वल ने अपने शानदार 85 साल पूरे होने पर यह वीडियो शेयर किया है। कॉमिक बुक से लेकर बड़े पर्दे पर सुपरहीरोज के फैंस के लिए यह वीडियो पुरानी यादों को ताजा करने वाला है, लेकिन इसके साथ ही इसमें हमें मार्वल की आने वाली फिल्मों की झलक भी देखने को मिलती है।




# एंजेलिना जोली के नहीं थमे आंसू...

**लॉस एंजिलिस।** वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली की फिल्म 'मारिया' के लिए 8 मिनट तक खड़े होकर तालियां बजीं, जिसके बाद एक्ट्रेस की आंखों में आंसू आ गए। उनकी बायोग्राफिकल मूवी का प्रीमियर 29 अगस्त को 'साला ग्रांडे थिएटर' में हुआ। 49 साल की एक्ट्रेस का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर वायरल हुए वीडियो में एंजेलिना जोली को इमोशनल होकर अपने आंसू पोंछते हुए देखा जा सकता है, जिसके बाद 'मारिया' को-स्टार पियर फ्रांसेस्को फेविनो ने उन्हें संभाला। बाद में उन्हें एक पल के लिए अपना सिर उनके कंधे पर टिकाए हुए भी देखा जा सकता है।



# श्रेया घोषाल ने कैंसिल किया कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** कोलकाता में हुई रेप और मर्डर की घटना ने देश में हर किसी को अदर तक निचोड़कर रख दिया है। वहीं, बेहतरीन सिंगर श्रेया घोषाल ने कोलकाता में अपना कॉन्सर्ट कैंसिल कर दिया है। सिंगर ने इंस्टाग्राम और एक्स पर घोषणा की कि वह सितंबर में कोलकाता में परफॉर्म नहीं करेंगी क्योंकि वह शहर में हाल ही में एक डॉक्टर के 'भयानक' बलात्कार और हत्या से 'गहराई से प्रभावित' थीं। श्रेया ने लिखा, 'मैं हाल ही में कोलकाता में हुई भयानक और जघन्य घटना से बहुत प्रभावित हूं। खुद एक महिला होने के नाते, जिस क्रूरता से वह गुजरी होगी उसका विचार ही अकल्पनीय है और मेरी रीढ़ में सिहरन पैदा कर देती है। दुखते दिल और गहरे दुख के साथ, मैं और मेरे प्रमोटर हमारे कॉन्सर्ट 'श्रेया घोषाल लाइव, ऑल हार्ट्स टूर इश्क एफएम ग्रैंड कॉन्सर्ट' को पोस्टपोन करना चाहते हैं।



# चियान बॉलीवुड में करना चाहते हैं काम...

**मुंबई।** चियान विक्रम इस वक्त अपनी फिल्म 'तंगालन' को लेकर चर्चा में हैं, जो रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। यह 15 अगस्त को साउथ में रिलीज हो चुकी है, और अब 6 सितंबर को हिंदी भाषा में भी रिलीज की जाएगी। चियान विक्रम ने हाल ही एक इंटरव्यू में कहा कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहते हैं। एक इंटरव्यू में पूछा गया था कि क्या वह किसी हिंदी फिल्म में काम करेंगे? इस पर विक्रम ने हामी भरी, पर साथ ही यह भी बताया कि वह किस शर्त पर किसी हिंदी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। विक्रम ने कहा कि वह रोल उतना ही आकर्षक और दमदार होना चाहिए, जितना वह तमिल फिल्मों में प्ले करते हैं। चियान विक्रम ने कहा कि वह सही मौके का इंतजार कर रहे हैं। वह ऐसा रोल करना चाहते हैं, जो उनके जुनून और समर्पण से मेल खाता हो।

## टीवी मसाला



# सरोगेसी के जरिए मां बनेंगी टीना

**मुंबई।** टीवी शो उतरन से दर्शकों के दिल में जगह बना चुकी एक्ट्रेस टीना दत्ता काफी समय से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। टीना बिग बॉस 16 में भी कंटेस्टेंट के तौर पर नजर आई थीं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बताया कि उनके पेरेंट्स चाहते हैं कि वो जल्दी से जल्दी मां बन जाएं। हालांकि इस कहानी में एक ट्विस्ट है और वो क्या है ये हम आपको आगे की कहानी में बताएंगे। इंटरव्यू में टीना ने बताया कि उनके पेरेंट्स चाहते हैं कि वो शादी कर लें और अगर वो शादी नहीं करना चाहिए हैं तो सरोगेसी के जरिए बच्चा पैदा कर लें। वहीं टीना ने एग्स फ्रीज करवाने के कंसेप्ट को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, मैं एग फ्रीजिंग के कंसेप्ट को लेकर ओपन हूं। मेरी एक बेस्ट फ्रेंड ने मुझे यह काम करने के लिए कहा है। मुझे लगता है कि जब लड़कियां 20 साल की होती हैं उन्हें तभी अपने एग्स फ्रीज करवा लेने चाहिए क्योंकि उस समय आपके एग्स सबसे ज्यादा फर्टाइल होते हैं। मुझे लगता है कि 35 साल की उम्र तक एग्स फ्रीज करने का सबसे अच्छा समय होता है। सभी लड़कियों को अपने एग्स फ्रीज कर लेने चाहिए।

## 'दीया...' के अनस ने 14 साल छोटी लड़की से की शादी...

**मुंबई।** साल 2011 में एक सीरियल आया, जिसका नाम था, 'दीया और बाती', जिसमें सूरज और संध्या का प्यार और भाभी की फटकार खूब फेमस हुई थी। अनस राशिद ने सितंबर, 2017 में अपने से 14 साल छोटी हिना इकबाल से निकाह किया था, जो लुधियाना में हुआ था। अनस ने अपनी पत्नी से उम्र के अंतर के बारे में कहा था, 'मैंने हिना से अपनी उम्र के बारे में पूछा था तो उसने कहा कि वह शादी के लिए तैयार है। उस वक्त वह 24 साल की ही थी।' अनस ने बताया था कि हिना ने उल्टा उनसे ये सवाल किया था कि क्या वह शादी के लिए तैयार हैं या नहीं? तो एक्टर ने जवाब दिया था कि उनके लिए एज गैप मायने नहीं रखता है। उनकी बहनों का कहना था कि वह सिर्फ अभी 26 के लगते हैं।



# वैनिटी वैन में थे हिडन कैमरे

## एक्ट्रेसेस की होती थी गंदी रिकॉर्डिंग



**मुंबई।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में हेमा कमेटी रिपोर्ट के तहत आए दिन नए खुलासे हो रहे हैं। कई एक्ट्रेसेस ने इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न का सामना करने के बारे में खुलकर बात की है। अब साउथ (तमिल) की फेमस एक्ट्रेस, जो हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं, वो सामने आई हैं और एक हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि क्रू मेंबर चुपके से वैनिटी वैन में कपड़े बदलती महिलाओं को रिकॉर्ड करते थे और उसका डेटाबेस भी रखते थे। राधिका ने बताया, 'जब मैं केरल में एक सेट पर थी तो मैंने देखा कि लोग एक साथ इकट्ठे हुए थे और किसी चीज पर हंस रहे थे। जब मैं वहां से गुजरी तो मैंने देखा कि वे एक वीडियो देख रहे थे। मैंने एक क्रू मेंबर को बुलाया और उससे पूछा कि वे क्या देख रहे थे। मुझे बताया गया कि वैनिटी वैन में कैमरे लगे थे और उसी से कपड़े बदलती महिलाओं की फुटेज कैप्चर की गई थी। मुझे बताया गया कि आप बस कलाकार का नाम टाइप करें और आपको उनके कपड़े बदलते हुए वीडियो मिल जाएंगे। मैंने वीडियो देखा।'

# अब 2 अक्टूबर को रिलीज होगी 'जोकर 2'

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की सुपरहिट मूवी 'जोकर' के सीक्वल 'जोकर 2' यानी 'जोकर: फोली ए ड्यूक्स' का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जिसे जानकर दर्शक खुशी से झूम उठेंगे। वार्नर ब्रदर्स इंडिया ने खुलासा किया है कि ये मूवी अपने तय समय से दो दिन पहले 2 अक्टूबर 2024, बुधवार को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें जोकिन फीनिक्स और लेडी गागा लीड रोल में हैं। जोकिन फीनिक्स ने आर्थर फ्लेक का ऑस्कर विनर किरदार निभाया है। 'जोकर: फोली ए ड्यूक्स' में लेडी गागा को भी लीड रोल में कास्ट किया गया है और वो सीक्वल में ऑर्थर का पूरा साथ देने वाली हैं, लेकिन कहानी में क्या ट्विस्ट होगा, ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा। पहला पार्ट साल 2019 में रिलीज हुआ था।



# खूबसूरती बर्दाशत नहीं कर पाओगे



*मुंबई। श्रद्धा कपूर इन दिनों 'स्त्री 2' की सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। फिल्म 15 अगस्त को रिलीज हुई थी और कमाई के मामले में ये आए दिन नए आंकड़े सेट कर रही है। ये एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है जो लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रही है। फिल्म को अमर कौशिक ने डायरेक्ट किया है और दिनेश विजन इसके निर्माता हैं। एक कोलॉज शेयर करते हुए श्रद्धा ने लिखा, "6 साल पुरानी तस्वीरें। पहली स्त्री के दौरन हमारे स्त्री और स्त्री 2 के सुपर डुपर ब्लॉकबस्टर निर्माता और निर्देशक के साथ। धन्यवाद दीनू और अमर कौशिक। मुझे अपनी कमाल, बेमिसाल और लाजवाब स्त्री पिक्चरों में शामिल करने के लिए।" इसके बाद से लोग कमेंट सेक्शन में उनसे कई तरह के सवाल करने लगे। एक ने कमेंट किया कि आप अभी तक क्यों जग रही हैं। वहीं कुछ उनसे स्त्री 3 पर अपडेट मांगने लगे। हालांकि एक यूजर ने सबसे फनी कमेंट करते हुए श्रद्धा से उनके आधार कार्ड की तस्वीर अपलोड करने के लिए कहा। इसका जवाब श्रद्धा ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में दिया। उन्होंने लिखा- उसमें इतनी खूबसूरत लग रही हूं कि बर्दाशत नहीं कर*

## 29वें बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

# हीरामंडी को दो श्रेणी में मिला नामांकन, जीजी से होगी टक्कर

**मुंबई।** 29वें बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2024 का आयोजन दो अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक किया जाएगा। वहीं, एशिया कंटेंट अवाड्र्स और ग्लोबल ओटीटी अवाड्र्स 2024 की घोषणा 6 अक्टूबर, 2024 को की जाएगी। 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' की टीम के लिए खुशी की बात यह है कि इस प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में दो-दो श्रेणियों में नामांकित होने वाली यह अकेली भारतीय वेब सीरीज है।

***भंसाली के लिए भी दोहरी खुशी :*** 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' के निर्देशक संजय लीला भंसाली के लिए भी ये दोहरी खुशी का मौका है, क्योंकि उन्होंने ही इसका निर्देशन किया है और संगीत भी उन्हीं ने तैयार किया है। दो श्रेणियों में नामांकित होने के बाद उन्होंने इसके लिए जूरी और दर्शकों का आभार जताते हुए कहा कि ये उनके लिए सम्मान की बात है। बता दें कि 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' की स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स पर एक मई से शुरू हुई थी। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, फरदीन खान, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है।

*संजय लीला भंसाली की डेब्यू वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना ली है। इस सीरीज को 29वें बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के एशिया कंटेंट अवाड्र्स और ग्लोबल ओटीटी अवाड्र्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ ओटीटी ओरिजिनल की श्रेणी में नामांकन मिला है। इतना ही नहीं, बल्कि इसके गाने 'सकल बन' को सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल गीत के लिए भी नामांकन मिला है।*



### अन्य फिल्मों का नामांकन



'ए किलर पैराडॉक्स' के लिए चोई वू-शिक को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेता, ली ही जुन को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता, किम यो-हैन को सर्वश्रेष्ठ नया कलाकार का नामांकन मिला। इस सीरीज को बेस्ट क्रिएटिव के लिए भी नामांकन मिला है। 'सिगरेट गर्ल' और 'डेली डॉज ऑफ सनशाइन' को भी बेस्ट क्रिएटिव का नामांकन मिला है। इस सीरीज के लिए कामिला अंदिनी और इफा इफानस्याह को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, डियान सैस्ट्रोवार्डोयो को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री और आर्य सलोका को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का नामांकन मिला है।




### बो-यंग सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

'डेली डॉज ऑफ सनशाइन' के लिए पार्क बो-यंग को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री का नामांकन मिला है। 'मास्क गर्ल' के लिए आह्न जे-होंग को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता और योम हये-रान को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। वहीं, 'जीजी प्रीसिंक्ट सीजन 1' को सर्वश्रेष्ठ ओटीटी ओरिजिनल की श्रेणी में नामांकन मिला है।

# सेबी की इन 23 स्टॉक्स पर गिर सकती है गाज, एफएंडओ सेगमेंट से होंगे बाहर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। यह नियम एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया से जुड़ा हुआ है। इसका असर 23 अलग-अलग स्टॉक पर पड़ने वाला है। ये सभी स्टॉक एफएंडओ सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं।

■ कई नई कंपनियों के शेयरों को इसमें मिल सकती है जगह

साथ ही इनका एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट भी बंद हो सकता है। साथ ही कई नई कंपनियों के शेयर को इसमें जगह मिल सकती है। सेबी के सर्कुलर के अनुसार, अब स्टॉक का मीडियन क्वार्टर सिग्मा ऑर्डर साइज कम से कम 75 लाख रुपए होना चाहिए। पहले यह सिर्फ 25 लाख रुपए ही था। इसके साथ ही मार्केट वाइड पोजिशन लिमिट भी 500 करोड़ रुपए बढ़ाकर 1,500 करोड़ रुपये कर दी गई है।

## मार्केट रेगुलेटर ने फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस में नए नियम किए लागू

### फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट से हट सकते हैं इन कंपनियों के स्टॉक

लॉरस लैब्स, चंबल फर्टिलाइजर्स,जेके सीमेंट , रामको सीमेंट्स, गुजरात गैस, टोरेंट फार्मा, सनटीवी नेटवर्क, दीपक नाइट्राइट, गुजरात नर्मदा वैली फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स,डॉ लाल पैथ लैब्स, यूनाइटेड बेवरीज, महानगर गैस लिमिटेड, कोरोमंडल इंटरनेशनल, सिनजीन इंटरनेशनल, कैन फिन होम्स, अतुल लिमिटेड, ग्रेन्यूल्स इंडिया, सिटी यूनियन बैंक, बाटा इंडिया, एबॉट इंडिया,आईपीसीए लैबोरेट्रीज, ,मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, इंडियामार्ट इंटरमेश।



### लगातार 3 महीने तक क्राइटेरिया पूरा नहीं कर पाने वाले स्टॉक हटेंगे

एक रिपोर्ट के अनुसार, सेबी ने 28 जून, 2024 को पेश किए प्रस्ताव को बदला नहीं है। साथ ही नई गाइडलाइन्स के हिसाब से सभी स्टॉक एक्सचेंज को काम करने के निर्देश दिए हैं। सेबी द्वारा लागू किए गए नए नियमों के अनुसार, फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट के जो स्टॉक लगातार 3 महीने तक एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया को पूरा नहीं कर पाएंगे, उन्हें इस सेगमेंट से हटा दिया जाएगा।

*एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में किए गए यह बदलाव* इसके अलावा स्टॉक्स की एवरेज डेली डिलीवरी वैल्यू को 10 करोड़ रुपए से बढ़कर 35 करोड़ रुपए कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि एवरेज डेली डिलीवरी वैल्यू में हुई जोरदार बढ़ोतरी की वजह से सेबी ने एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में 10 करोड़ रुपए की लिमिट को बढ़ाकर 35 करोड़ रुपए कर दिया है।

*नए कॉन्ट्रैक्ट्स जारी नहीं होंगे :* ऐसा होने के बाद इन स्टॉक्स के लिए एफएंडओ के नए कॉन्ट्रैक्ट्स जारी नहीं किए जाएंगे। ब्रोकरेज फर्म आईआईएफएल ने कहा है कि इन नए नियमों की वजह से 23 स्टॉक्स फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस सेगमेंट से बाहर हो सकते हैं। ऐसा होने पर उनके कॉन्ट्रैक्ट भी बंद हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### टोयोटा की बिक्री अगस्त में 35 प्रतिशत बढ़ी




**नई दिल्ली।** नई टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की अगस्त में कुल थोक बिक्री 35 प्रतिशत बढ़कर 30,879 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 22,910 गाड़ियां बेची थीं। घरेलू और निर्यात दोनों आंकड़े शामिल हैं। डीलर के पास उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि और बढ़ती हुई ग्राहक संख्या देख रहे हैं।

### कम आवक से खाद्य तेल की कीमतों में सुधार



**नई दिल्ली।** सरकार के खाद्यतेलों के आयात शुल्क में वृद्धि की संभावना के कारण किसानों के मंडियों में आवक घटाने के बीच बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम में सुधार देखने को मिला तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव मजबूत बंद हुए।

### हीरो मोटो कॉर्प ने भान को कार्यकारी उपाध्यक्ष बनाया




**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने वैश्विक कारोबार मामलों के अपने मुख्य व्यापार अधिकारी संजय भान को पदोन्नत कर कार्यकारी उपाध्यक्ष बनाया है। उनकी नियुक्ति एक सितंबर से प्रभाव में आ गयी है। ग्लोबल 'मार्केट इनसाइट्स फंक्शन' के साथ-साथ वैश्विक उत्पाद योजना पोर्टफोलियो का भी नेतृत्व करेंगे।

### किआ इंडिया की बिक्री में 17 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** किआ इंडिया की कुल थोक बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 22,523 इकाई रही है। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 19,219 वाहन बेचे थे। बिक्री एवं विपणन मामलों के राष्ट्रीय प्रमुख हरदीप सिंह बराड़ ने एक बयान में कहा, ''यह सफलता कंपनी के उत्पादों को रणनीतिक रूप से बेहतर बनाने का प्रमाण है।

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने अगस्त में 4571 गाड़ियां बेची




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अगस्त में खुदरा बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 4,571 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 4,185 गाड़ियां बेची थीं। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने बताया कि कुल खुदरा बिक्री में 35 प्रतिशत से अधिक नवीन ऊर्जा वाहन थे। इनमें कंपनी का प्रमुख इलेक्ट्रिक वाहन जेडएस और कॉमेट शामिल है।

### वी सतीश कुमार ने आईओसी चैयरमैन का पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** वी सतीश कुमार ने रविवार को देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के चेयरमैन का पदभार संभाला।आईओसी के लिए पूर्णकालिक चेयरमैन मिलने में देरी के बाद कंपनी में निदेशक (विपणन) कुमार को चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। वह निदेशक (विपणन) के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए चेयरमैन के रूप में भी काम करेंगे। उन्होंने श्रीकांत माधव वैद्य का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल अगस्त के अंतिम दिन पूरा हुआ।

## पीवीआर आईनॉक्स की घाटे से 70 स्क्रीन बंद करने की योजना

# पहली छमाही में भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष, 75 के साथ घाटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का इस साल की पहली छमाही यानी जनवरी-जून 2024 के दौरान अमेरिका और नीदरलैंड सहित 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था। दूसरी ओर देश को चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा।

शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने यह जानकारी दी और कहा कि भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले व्यापार घाटे के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। जीटीआरआई ने साथ ही कहा कि देश को औद्योगिक वस्तुओं के आयात को कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

***भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है*** *: यह खासकर चीन जैसे देशों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भारत की आर्थिक संप्रभुता को खतरा पहुंच सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'जनवरी से जून 2024 के बीच, भारत का 151 देशों के साथ व्यापार अधिशेष था, जो इसके निर्यात का 55.8 प्रतिशत और आयात का 16.5 प्रतिशत था।'*



■ शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट
■ अमेरिका, नीदरलैंड जैसे देशों के साथ व्यापार अधिशेष में था
■ चीन और रूस सहित 75 देशों के साथ व्यापार घाटा का सामना करना पड़ा
■ भारत को कच्चे तेल और कोयले के आयात से होने वाले घाटे से चिंता बढ़ी

### सराफा पर शुल्क घटाकर छह प्रतिशत

इस स्थिति से विशिष्ट आयातों पर निर्भरता को कम करने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने की जरूरत पता चलती है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जिन देशों से मुख्य रूप से सोना, चांदी और हीरा का आयात करता है, उन्हें लेकर भी सजग रहना चाहिए, क्योंकि बजट में इन पर शुल्क को 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है।

### मुंबई, पूणे और वडोदरा में होंगी स्क्रीन बंद

सिनेमाघर चलाने वाली पीवीआर आईनॉक्स ने वित्त वर्ष 2024-25 में 70 घाटे में चल रहे स्क्रीन को बंद करने की योजना बनाई है। अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कंपनी ने मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-प्रमुख रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण यानी बाजार पर चढ़ाने के लिए भी कदम उठाएगी।

### 2024-25 में 120 नई स्क्रीन जोड़ेगी

कंपनी साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 में 120 नयी स्क्रीन जोड़ेगी। वह ऐसे मौके तलाश रही है, जहां वृद्धि की अच्छी संभावनाएं हैं। लगभग 40 प्रतिशत नयी स्क्रीन दक्षिण भारत में खोली जाएंगी। कंपनी अपनी मध्यम से दीर्घकालिक रणनीति के अनुसार इस क्षेत्र पर खासतौर से ध्यान दे रही है।

### ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य

पीवीआर आईनॉक्स चालू वित्त वर्ष में नयी स्क्रीन पर अपने पूंजीगत व्यय को 25 से 30 प्रतिशत तक कम करने के लिए अपनी वृद्धि रणनीति को फिर से तय कर रही है। कंपनी अपने स्वामित्व वाली अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं भी तलाश रही है और उसने निकट भविष्य में शुद्ध ऋण मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है।

### मौद्रिकरण की संभावनाएं तलाश रही पीवीआर

पीवीआर आईनॉक्स के प्रबंध निदेशक अजय कुमार बिजली और कार्यकारी निदेशक संजीव कुमार ने शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी मुंबई, पुणे और वडोदरा जैसे प्रमुख स्थानों में गैर-मुख्य अचल परिसंपत्तियों के मौद्रिकरण की संभावनाएं तलाश रही है।

## अगस्त में जीएसटी संग्रह 10% बढ़कर 1.75 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ पिछले साल अगस्त में 1.59 लाख करोड़ रुपए था
■ घरेलू राजस्व बढ़कर 9.2 प्रतिशत बढ़ा

अगस्त में कुल जीएसटी संग्रह 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.75 लाख करोड़ रुपये हो गया। रविवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले साल अगस्त में माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1.59 लाख करोड़ रुपये था, जबकि इस साल जुलाई में यह 1.82 लाख करोड़ रुपये था।

अगस्त 2024 में घरेलू राजस्व 9.2 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गया। वस्तुओं के आयात से सकल जीएसटी राजस्व 12.1 प्रतिशत बढ़कर 49,976 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन महीने में 24,460 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार जीएसटी राजस्व आलोच्य महीने में 6.5 प्रतिशत बढ़कर 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा। इस साल का अभी तक का जीएसटी रेवेन्यू देखें तो इस साल के जनवरी-अगस्त के दौरान अभी तक 9,13,855 करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्शन मिल चुका है, ये 10.1 फीसदी की बढ़ोतरी है जबकि पिछले साल के अगस्त तक सरकार को कुल 8,29,796 करोड़ रुपये की कमाई जीएसटी कलेक्शन के जरिए हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली हो या दक्षिणी राज्य कर्नाटक, पश्चिम में महाराष्ट्र से लेकर पूर्व में असम तक राज्यों का जीएसटी कलेक्शन दिखाता है कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

### राज्यों का प्री-पोस्ट एसजीएसटी का हिस्सा बढ़ा

राज्यों/यूनियन टेरेटरी के साथ अगस्त 2024 तक सेटल किए गए आंकड़ों को देखें तो इसमें राज्यों का कुल आईजीएसटी का एसजीएसटी हिस्सा बढ़ा है. ये अगस्त 2023 में 194,949 करोड़ रुपये से बढ़कर अगस्त 2024 में 213,219 करोड़ रुपये हो गया है। ये प्री-सैटलमेंट एसजीएसटी साल दर साल आधार पर 9 फीसदी का इजाफा दिखाता है। जबकि पोस्ट-सेटलमेंट एसजीएसटी 57,542 करोड़ रुपये से बढ़कर 395,867 करोड़ रुपये हो गया है। इस तरह सालाना आधार पर इसमें 11 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है।

## मारुति सुजुकी की कुल बिक्री अगस्त में चार प्रतिशत घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ यात्री वाहनों की थोक बिक्री में आई गिरावट

वाहन बनाने वाली मारुति सुजुकी इंडिया की अगस्त में कुल बिक्री चार प्रतिशत घटकर 1,81,782 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 1,89,082 गाड़ियों की बिक्री की थी।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने रविवार को बयान में कहा कि अगस्त में घरेलू बाजार में कुल यात्री वाहन थोक बिक्री आठ प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,43,075 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में 1,56,114 इकाई थी।

ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री अगस्त में घटकर 10,648 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 12,209 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस और स्विफ्ट जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री अगस्त में 20 प्रतिशत घटकर 58,051 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 72,451 इकाई थी। ग्रैंड विटारा, ब्रेजा, एर्टिगा, इनविक्टो, फ्रोंक्स और एक्सएल6 जैसे बहुपयोगी (यूटिलिटी) वाहनों की बिक्री पिछले महीने 62,684 इकाई रही, जबकि इससे पहले इसी महीने में यह 58,746 इकाई थी। पिछले महीने ईको की बिक्री 10,985 इकाई रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 11,859 इकाई थी।

### निर्यात में बढ़ोतरी

हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री अगस्त में 2,495 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 2,564 इकाई थी।कंपनी ने कहा कि अगस्त में उसका निर्यात बढ़कर 26,003 इकाई हो गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में 24,614 इकाई था।

## पीएमआई जैसे आंकड़े देंगे शेयर बाजार को दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक रुख, वृहत आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह कहा है। इसके अलावा, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार-चढ़ाव भी बाजार को दिशा देंगे।

स्वास्तिक इनवेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''फेडरल ओपेन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक सितंबर के मध्य में होनी है। लेकिन उससे पहले बाजार की नजर अमेरिका के आर्थिक आंकड़ों पर होगी। विनिर्माण पीएमआई, गैर-कृषि रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े इस सप्ताह जारी होने हैं। ये सभी उल्लेखनीय रूप से बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''संस्थागत पूंजी प्रवाह भी बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''घरेलू बाजार में तेजी के पीछे प्राथमिक कारण अमेरिका में नीतिगत दर में कटौती की बढ़ती उम्मीद और घरेलू निवेशकों की लिवाली है।



■ वैश्विक रुख व विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी डालेगी प्रभाव

### बाजार में बनी रहेगी तेजी

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के शोध, संपत्ति प्रबंधन प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि शेयर केंद्रित कदम के साथ बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहेगा। सप्ताह के दौरान जारी होने वाले वैश्विक वृहत आर्थिक आंकड़ों से घरेलू बाजार को संकेत मिलना जारी रहेगा।''

### पिछले सप्ताह बाजार में रही उछाल

पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स में 1,279.56 अंक यानी 1.57 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी में 412.75 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की तेजी रही।

## भ्रामक विज्ञापनों को लेकर शंकर आईएएस अकादमी पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने 2022 सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित भ्रामक विज्ञापनों के लिए शंकर आईएएस अकादमी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने रविवार को बताया कि उसने पाया कि कोचिंग संस्थान ने अपनी सफलता दर और सफल अभ्यर्थियों द्वारा लिए गए पाठ्यक्रमों की प्रकृति के बारे में झूठे दावे किए थे। शंकर आईएएस अकादमी ने 2022 यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए अपने विज्ञापन में दावा किया कि /"अखिल भारतीय स्तर पर 933 में से 336 चयनित हुए/", /"शीर्ष 100 में 40 उम्मीदवार/", और /"तमिलनाडु से दो उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं, जिनमें से 37 ने शंकर आईएएस अकादमी से पढ़ाई की है/"।

## जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझानों में वृद्धि : टीमलीज सर्विसेज

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ नौकरी से असंतुष्टि के कारण जल्दी छोड़ने का रुझान

खराब कार्य-जीवन संतुलन, लचीलापन और नौकरी से असंतुष्टि के कारण जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझानों में चार-पांच प्रतिशत की सालाना वृद्धि हो रही है। जल्दी नौकरी छोड़ने से तात्पर्य छह महीनों के भीतर या परिवीक्षा अवधि के दौरान ही कंपनी से बाहर चले जाने से है। ऐसा मुख्य रूप से उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं, आईटी और सॉफ्टवेयर तथा बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा) जैसे क्षेत्रों में देखा जा रहा है। टीमलीज सर्विसेज के मुख्य रणनीति अधिकारी सुब्बुराथिनम पी ने बताया, ''भारत में जल्दी नौकरी छोड़ने के रुझान मुख्य रूप से 22-32 वर्ष आयु वर्ग में देखे जाते हैं और यह सालाना आधार पर 4-5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।'' उन्होंने कहा कि इसके पीछे मुख्य रूप से खराब कार्य-जीवन संतुलन, लचीलापन, नौकरी से असंतुष्टि और अपर्याप्त वेतन जैसे कारक हैं। ऐसे में कर्मचारी बेहतर अवसरों की तलाश करते हैं। सुब्बुराथिनम ने कहा कि जल्दी नौकरी छोडने का यह अर्थ भी हो सकता है कि नौकरी के अधिक अवसर हैं, जिससे लोग नौकरी बदल सकते हैं।

## टीवीएस मोटर की बिक्री अगस्त में 13 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी की कुल बिक्री अगस्त में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 3,91,588 इकाई रही। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने अपने डीलरों को 3,45,848 गाड़ियां भेजी थीं। टीवीएस मोटर कंपनी ने रविवार को एक बयान में कहा कि पिछले महीने उसकी कुल दोपहिया वाहन बिक्री 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,78,841 इकाई रही, जबकि पिछले साल अगस्त में 3,32,110 गाड़ियों की बिक्री हुई थी। घरेलू बाजार में दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 2,89,073 इकाई हो गई, जो अगस्त 2023 में 2,56,619 इकाई थी। अगस्त में कुल निर्यात 14 प्रतिशत बढ़कर 99,976 इकाई हो गया जो पिछले साल इसी महीने में 87,515 इकाई था।

## अप्रैल-जून तिमाही में खाने के सामान की ऊंची महंगाई का सामना करना पड़ा

# पहली तिमाही के बाद रेस्तरां क्षेत्र में सुधार की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्पेशियलिटी रेस्टोरेंट्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अंजनमॉय चटर्जी ने कहा है कि रेस्तरां उद्योग को अप्रैल-जून तिमाही में खाने के सामान की ऊंची महंगाई और लोगों द्वारा बाहर कम खाने-पीने जैसी अस्थायी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

चटर्जी ने कहा कि लेकिन भारत के समग्र मजबूत बुनियाद के कारण रेस्तरां उद्योग में अब सुधार की उम्मीद है। कंपनी मेनलैंड चाइना, एशिया किचन बाय मेनलैंड चाइना, एपिसोड वन, हाका और स्वीट बंगाल जैसे कई ब्रांड की मालिक है।

### उच्च खाद्य मुद्रास्फीति का प्रभाव

वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि उच्च खाद्य मुद्रास्फीति और कोविड महामारी के बाद 'रिवेंज ईटिंग' में कमी आने के बाद लोगों द्वारा बाहर कम खाना खाने जैसे कारक कब तक रेस्तरां उद्योग को प्रभावित करते रहेंगे। उन्होंने कहा, "यह अल्पकालिक घटना है। खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने पर यह स्थिति ठीक हो जाएगी।/"

### ऊंची महंगाई के कारण लोगों ने बाहर कम खाना-पीना शुरू किया था

#### कंपनी के महामारी में 29 रेस्तारा बंद हुए

कंपनी ने कोविड महामारी के दौरान 29 रेस्तरां बंद कर दिए थे और अब अपना विस्तार करते हुए लाभदायक वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रही है। चटर्जी ने से कहा, "यह स्पष्ट होना चाहिए कि भारत में बाहर खाना न खाना या मुद्रास्फीति का कम न होना ऐसी बात है जिस पर मैं विश्वास नहीं करता। भारत कई अन्य देशों से बेहतर है...।



*रिवेंज ईटिंग में कमी आई : इसके कारण 'रिवेंज ईटिंग' में कमी आई है, जबकि खाद्य मुद्रास्फीति के साथ-साथ सस्ती असंगठित कंपनियों से प्रतिस्पर्धा ने भी इसमें भूमिका निभाई है। कंपनी की विस्तार योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, /"हम नियंत्रित, लाभप्रद वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, जो जानबूझकर मौजूदा स्टोरों को खत्म किए बिना भौगोलिक विस्तार के साथ किया जा रहा है।/"*

### फाइन डाइनिंग क्षेत्र की कंपनियां अच्छा नहीं कर रही

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह रोजगार सृजन और खर्च योग्य आय में वृद्धि पर भी निर्भर करेगा। चटर्जी ने कहा, "मुझे पूरा यकीन है कि इसमें सुधार आएगा।" उन्होंने हालांकि कहा कि चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में क्यूएसआर और फाइन डाइनिंग से लेकर कैजुअल डाइनिंग तक के क्षेत्र की कंपनियों के लिए चीजें बहुत अच्छी नहीं रही हैं।

## टाटा मोटर्स की बिक्री अगस्त में 8% घटी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की कुल थोक बिक्री अगस्त में आठ प्रतिशत घटकर 71,693 इकाई रही। टाटा मोटर्स ने रविवार को एक बयान में कहा कि एक साल पहले इसी महीने में कंपनी ने 78,010 वाहन बेचे थे। पिछले महीने कंपनी की कुल घरेलू बिक्री आठ प्रतिशत घटकर 70,006 इकाई रही, जो एक साल पहले अगस्त महीने में 76,261 इकाई थी। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों सहित कुल यात्री वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 44,142 इकाई रही, एक साल पहले इसी महीने में यह 45,513 इकाई थी।

## अब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में बाढ़ बारिश से तबाही

# ट्रेन की पटरियां बहीं, पूरा ट्रक जलमग्न, 8 लोगों की मौत

### कई गाड़ियों की आवाजाही रुकी, लोग परेशान हो रहे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गुजरात में हुई भयंकर बारिश से अभी राज्य सही तरीके पटरी पर नहीं लौटा है कि दक्षिण राज्य आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी बारिश ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

तेलंगाना में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। महबूबाबाद जिले में स्थित केसमुद्रम को जोड़ने वाले रेलवे ट्रैक पूरी तरह से जलमग्न हो गया। विजयवाड़ा से वारंगल और दिल्ली से विजयवाड़ा जाने वाली ट्रेनों को रोक दी गई है। वहीं आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की वजह से 8 लोगों की मौत हो गई है।




#### लगातार 24 घंटे हुई बारिश

*विजयवाड़ा समेत पूरे आंध्र प्रदेश में पिछले 24 घंटे में लगातार बारिश हुई है। विजयवाड़ा में 18 सेमी बारिश भी दर्ज की गई। विजयवाड़ा के अलावा मछलीपट्टनम में 18, गुडीवाड़ा में 17, कैकालुरु में 15 अमरावती में 13 सेमी बारिश दर्ज की गई।*

**मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की आर्थिक सहायता**
आंध्र प्रदेश में भारी बारिश की वजह से बीते शनिवार को 8 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 5 मौतें विजयवाड़ा में भूस्खलन की वजह से हुई है। इसको लेकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने भूस्खलन पीड़ितों के परिवारों को लिए 5-5 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### तेलंगाना के कई जिलों में रेड अलर्ट



आदिलाबाद, निजामाबाद, कमारेड्डी, महबूबनगर, नारायणपेट समेत कई जिलों में रविवार को भारी बारिश का अनुमान बताया है। इसको लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। कोमाराम भीम आसिफाबाद, जगीताल, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, वारंगल समेत अन्य जिलों के कुछ स्थानों पर भी बारिश होने की संभावना है। प्रदेश सरकार ने बारिश को देखत हुए राज्य के सभी स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जान-माल के किसी भी नुकसान से बचने के लिए एहतियात बरतें। बारिश को देखते हुए तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने सभी अधिकारियों को संभावित घटना को रोकने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में रह रहे लोगों को शिविरों में चले जाने की सलाह भी दी है।

### गुजरात बाढ़ पर गृह मंत्रालय ने केंद्रीय दल का किया गठन



गुजरात में बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी निदेशक के नेतृत्व में एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल का गठन किया है। यह गुजरात के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेगी। गुजरात भारी से अत्यंत भारी वर्षा से बुरी तरह प्रभावित हुआ। हिमाचल प्रदेश भी भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित हुआ है। जहां भी गंभीर नुकसान की सूचना मिलती है तो टीम भेजी जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार, आपदा-प्रभावित राज्यों को हरसंभव मदद देने के प्रति पूरी तरह कटिबद्ध है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश के अनुसार गृह मंत्रालय प्रभावित राज्यों से ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना नुकसान का मौके पर आंकलन करने के लिए दल का गठन कर देता है। दल ने बाढ़ व भूस्खलन-प्रभावित असम, केरल, मिज़ोरम और त्रिपुरा में नुकसान का मौके पर आंकलन करने के लिए ज्ञापन की प्रतीक्षा किए बिना पहले ही दौरा कर लिया है। नगालैंड का जल्द ही दौरा करेगी।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति ने शीर्ष कोर्ट के झंडे का किया अनावरण



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अदालतों में तारीख पर तारीख की संस्कृति को बदलने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वे भारत मंडपम में 2 दिनी जिला न्यायापालिका राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के लिए नए झंडे और प्रतीक चिह्न का भी अनावरण किया।

### रजक जदयू में गए, झा ने दिलाई सदस्यता



**पटना।** लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव के पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने वाले बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने पूरे 10 दिन बगैर निर्दल रहने के बाद एक सितंबर को जनता दल यूनाईटेड का दामन थाम लिया है। जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। यह जदयू में दूसरी पारी है।

### असम के टीएमसी अध्यक्ष बोरा ने छोड़ दी पार्टी



**गुवाहाटी।** असम तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य के लोग इसे पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय पार्टी मानते हैं और इसे अपना मानने को तैयार नहीं हैं। बोरा ने महासचिव अभिषेक बेनर्जी को दो पन्नों का पत्र लिखकर इस्तीफा दिया। बोरा ने कहा कि असम टीएमसी में काफी संभावनाएं हैं ।

### गोरेगांव में खंभे से बाइक टकराई, 3 लोगों की मौत



**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरे कॉलोनी इलाके में मुंडा चौक के पास एक बाइक खंभे से टकरा गई। बाइक में 3लोग सवार थे।दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे शख्स को घायल अवस्था में अस्पताल लेकर जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

### मेयर ने कई विधायक के साथ थामा कमल



**अंबाला।** हरियाणा में आगामी चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने जींद में एक बड़ी जन आशीर्वाद रैली का आयोजन किया, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, पार्टी प्रभारी विप्लव देव समेत कई बड़े नेता पहुंचे। रैली के दौरान अनूप धानक, रामकुमार गौतम, जोगीराम सिहाग, अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने भाजपा का दामन थाम लिया।

## कोलकाता में लेडी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर का मामला

# सीबीआई भी नहीं सुलझा पाई गुत्थी,15 दिन की पूछताछ-पॉलीग्राफ के बाद भी हाथ खाली

### मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप से नहीं मिल सका 'सच'

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में लेडी डॉक्टर के साथरेप और मर्डर केस की जांच सीबीआई के पास है और इस केस में अब तक वह संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है।



केस का प्रमुख आरोपी संजय रॉय गिरफ्त में है, लेकिन वह लगातार बयान बदल रहा है। सीबीआई ने जब उससे पूछताछ की तो उसका कहना था कि उसे फंसाया जा रहा है।सीबीआई के लिए सबसे बड़ी चुनौती घोष बनते नजर आ रहे हैं, जिससे पिछले 15 दिन से सीबीआई लगातार पूछताछ कर रही है लेकिन फिर भी सीबीआई के हाथ खाली नजर आ रहे हैं।

**अहम कड़ी की तलाश में एजेंसी**

#### पॉलीग्राफ टेस्ट से भी नहीं मिले सुराग, अलग-अलग तरह की बातें कर रहा



*पूर्व प्रिंसिपल संदीप से सीबीआई लगातार पूछताछ कर रही है। संदीप का सीबीआई ने पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराया है, दिक्कत की बात यह है कि कथित तौर पर इस पॉलीग्राफ टेस्ट के बावजूद सीबीआई के हाथ कोई अहम कड़ी नहीं लगी है। संदीप पर आरोप हैं कि उसने लेडी डॉक्टर के माता पिता गलत जानकारी दी, लेकिन उसको लेकर भी वह सीबीआई के सामने अलग-अलग तरह की बातें कर रहे हैं।*

**सीबीआई के लिए चुनौती बना संदीप**
सीबीआई के सामने एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब लेडी डॉक्टर के साथ हुए इस जघन्य अपराध का पता चल चुका था, तो फिर यह जानकारी संदीप को आधे घंटे की देरी से कैसे मिली? जांच में सामने आया कि प्रिंसिपल को जानकारी देने से पहले ही अस्पताल की अथॉरिटी ने पीड़िता के मां-बाप का फोन कर दिया था। इसके चलते सवाल यह भी उठ रहा है कि जब संदीफ घोष को आधे घंटे बाद क्राइम की इन्फॉर्मेशन मिली थी तो फिर उस क्राइम सीन यानी सेमिनार हॉल में उनके ही सहयोगी लोग कैसे पहुंच गए थे?

**प्रदर्शन के बीच डॉक्टर कर रहे मरीजों का इलाज**

#### 'अभया क्लीनिक' बनाकर कर रहे सेवा



आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप करने के बाद बर्बरता के साथ ट्रेनी डॉक्टर की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद कोलकाता समेत देश के दूसरे हिस्सों में डॉक्टर हड़ताल पर चले गए थे। कोलकाता में भी लंबे समय तक डॉक्टरों की हड़ताल के चलते बड़ी परेशानी का सामना मरीजों को करना पड़ रहा था। लेकिन, अब एक अच्छी खबर सामने आ रही है। प्रदर्शन के बीच जूनियर डॉक्टरों ने मरीजों के लिए टेलीमेडिसिन सर्विस शुरू की है। डॉक्टरों ने मरीजों को देखने के लिए शहर के अलग-अलग इलाकों में कैंप खोले हैं। यहां मरीजों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इन्हीं कैंप्स को डॉक्टरों ने 'अभया क्लीनिक' नाम दिया है।

**मामले पर भड़के उपराष्ट्रपति धनखड़**

#### कोलकाता मामले ने सभ्यता को शर्मसार किया, चुप्पी खतरनाक



कोलकाता मामले से पूरे देश में आक्रोश है। अब इस मामले पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोलकाता जैसी घटनाएं पूरी सभ्यता को शर्मसार कर देती हैं। जब मानवता शर्मसार होती है, तो कुछ छिटपुट आवाजें आती हैं। ऐसी आवाजें जो चिंता का कारण बनती हैं। एम्स ऋषिकेश में छात्रों को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि कोलकाता वाले मामले को कुछ लोग इसे आम बात बता रहे हैं। धनखड़ ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां हमारे दर्द को और बढ़ाती हैं और हमारी घायल अंतरात्मा पर नमक छिड़कती हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस तरह के शैतानी विचारों के लिए कोई बहाना नहीं हो सकता। मैं ऐसे गुमराह लोगों से आग्रह करता हूं कि वे अपने विचारों पर दोबारा विचार करें और सभी लोगों से माफी मांगे। यह ऐसा मौका नहीं है, जहां आपको राजनीतिक चश्मे से देखना चाहिए। यह राजनीतिक चश्मा खतरनाक है।

### कोलकाता में नहीं थम रहा 'दुराचार'

#### अब उत्तर 24 परगना में नाबालिग से छेड़छाड़ लोगों की भीड़ ने घर और दुकान जलाई




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से दुष्कर्म के बाद हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है कि उत्तर 24 परगना में एक नाबालिग ( 9 साल की बच्ची) से छेड़छाड़ की घटना से तनाव हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ गए कि गुस्साई भीड़ ने कथित आरोपी के घर और उसके रिश्तेदार की दुकान पर हमला कर दिया। स्थिति को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती कर दी गई है। वहीं बीरभूम जिले में भी एक अस्पताल में नर्स से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है।

#### आरएएफ तैनात

*उत्तर 24 परगना के राजबाड़ी इलाके में एक व्यक्ति ने बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। जैसे ही लोगों को इसके बारे में पता चला तो उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना को लेकर लोगों का गुस्सा उस वक्त भड़क गया, जब कथित तौर पर स्थानीय टीएमसी नेता ने पीड़ित के परिवार से मामले को सेटल करने के लिए कहा। गुस्साए लोगों ने टीएमसी नेता के घर पर हमला कर दिया। इसके बाद आरएएफ ने हालात को नियंत्रण करने के लिए बल का प्रयोग किया। इस दौरान आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए।*

#### पिता बोले- आरोपी गांव का ही निवासी

*पीड़िता के पिता का कहना है कि आरोपी उनके गांव का ही निवासी है। मैं इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता कि वह ऐसा कर सकता है। मेरी बेटी 9साल की है और वह घर से मेरी दुकान पर आई थी। उसी दौरान आरोपी ने उसका यौन उत्पीड़न किया। मेरी मांग है कि उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।*

#### उधर, बीरभूम जिले में नर्स से छेड़छाड़

*एक अन्य घटना में बीरभूम जिले के इल्लमबाजार इलाके में स्थित एक अस्पताल में नर्स के साथ छेड़छाड़ होने की घटना सामने आई है। नर्स का आरोप है कि रुटीन के तहत जब वह मरीजों की जांच कर रही थी, उसी दौरान एक मरीज ने उसे गलत तरीके से छुआ। जब नर्स ने इसका विरोध किया तो आरोपी मरीज ने नर्स के साथ गालीगलौज की। नर्स की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मरीज को गिरफ्तार कर लिया है।*

### हेमा समिति रिपोर्ट पर ममूटी बोले

## मलयालम सिनेमा में कोई पावर ग्रुप नहीं, ऐसी आलोचनाएं 'निरर्थक'

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

मलयालम फिल्म उद्योग पर हेमा समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद इस पर कुछ दिनों तक चुप्पी बनाए रखने के बाद अब सुपरस्टार ममूटी ने भी इस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने रविवार को कहा कि मलयालम सिनेमा में कोई पावर ग्रुप नहीं है। हेमा समिति ने अपनी रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में 15 सदस्यीय पावर ग्रुप का उल्लेख किया है। इससे पहले मलयालम फिल्म उद्योग के एक और सुपरस्टार मोहनलाल ने भी समिति की रिपोर्ट



के संबंध में शनिवार को मीडिया से बात कर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी थी, जिसमें उन्होंने रिपोर्ट जारी करने के सरकार के फैसले का स्वागत किया था। सरकार की ओर से रिपोर्ट 19 अगस्त को सार्वजनिक की गई थी। दोनों सुपरस्टारों को रिपोर्ट पर चुप रहने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था।

### मंत्री मांडविया ने कहा-तरीके तलाश रहे

## सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को जल्द ही सामाजिक सुरक्षा देगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भारत सरकार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गिग वर्कर वे लोग होते हैं जो अस्थायी या घंटेवार काम करते हैं। प्लेटफार्म वर्कर वे गिग वर्कर होते हैं जो ग्राहकों से जुड़ने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म या ऐप का इस्तेमाल करते हैं जैसे, जोमैटो या ब्लिंकिट। मांडविया ने इनके लिए



कहा कि हम उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक व्यापक रणनीति बना रहे हैं। सामाजिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने उन्होंने बताया कि श्रमिकों का पंजीकरण ई-श्रम पोर्टल पर किया जाएगा। बैठक में सचिव तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### चंपई के भाजपा में आने पर बोले केंद्रीय मंत्री शिवराज

**चौहान ने कहा- अब नहीं होगा यहां की जनता का अपमान**

## जेएमएम अब केवल पति-पत्नी की पार्टी, वे 'झारखंड के टाइगर'

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले झामुमो को झटका देते हुए पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व सीएम चंपई सोरेन भाजपाई हो चुके हैं। चंपई को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा वे सचमुच में झारखंड के टाइगर हैं।

वे आंदोलन की भट्टी में तपकर निकले ऐसे नेता हैं, जिसने जेएमएम को खड़ा किया। जनता में उनका आदर है। वे झारखंड को बचाने के लिए भाजपा में आए हैं। सीएम रहते हुए उन्हें अपमानित किया गया। जेएमएम अब केवल पति-पत्नि की पार्टी बनकर रह गई है। भाजपा की सरकार बननी तय है।

#### झामुमो को माली की तरह सींचा



शिवराज ने कहा कि चंपई ने झारखंड के निर्माण के लिए बहुत कठिन लड़ाई लड़ी और उनके प्रयासों के कारण ही पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राज्य बनाया।" उन्होंने कहा कि चंपई ने झामुमो को माली की तरह सींचा, लेकिन उनके साथ सौतेला व्यवहार किया गया।

#### झारखंड में बनेगी भाजपा की सरकार

उन्होंने कहा कि भाजपा और चंपई ने यह संकल्प लिया है कि झारखंड और यहां की जनता का अब और अपमान नहीं होने दिया जाएगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए चौहान ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए। चुनाव के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी।

### शिवाजी की मूर्ति गिरने का मामला: उद्धव ने हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक मार्च निकाला

# प्रधानमंत्री की माफी से अहंकार की बू आ रही थी, किसके लिए माफी?

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र का विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने राज्य की महायुति और केंद्र की मोदी सरकार को जमकर घेरा। एमवीए ने सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने के विरोध में दक्षिण मुंबई के प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक मार्च निकाला।

उद्धव ठाकरे ने पीएम नरेंद्र मोदी की माफी को नाटक बताया। गेटवे ऑफ इंडिया पर एक सभा को संबोधित करते हुए उद्धव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की माफी में अहंकार था। इसमें अहंकार की बू आ रही थी।

**महा विकास अघाड़ी ने केंद्र सरकार को कोसा**



**माफी की वजह बताएं**
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किस बात के लिए माफी मांग रहे थे? 8 महीने पहले जिस मूर्ति का उन्होंने उद्घाटन किया था, उसके लिए? उसमें शामिल भ्रष्टाचार के लिए? एमवीए कार्यकर्ताओं को शिवाजी महाराज का अपमान करने वाली ताकतों को हराने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। मूर्ति का गिरना महाराष्ट्र की आत्मा का अपमान है।

### सीएम शिंदे ने उद्धव पर साधा निशाना

#### शिवाजी का नाम जप रहे, अनुसरण औरंगजेब का...



महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे की तीखी आलोचना की है। उन्होंने शिंदे पर छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम का दुरुपयोग करते हुए औरंगजेब और अफजल खान की हरकतों की नकल करने का आरोप लगाया है। शिंदे ने सिंधुदुर्ग के मालवन इलाके में शिवाजी महाराज की मूर्ति के ढहने के मामले का राजनीतिकरण करने के लिए विपक्ष की निंदा की। शिंदे ने पीएम नरेंद्र मोदी, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस,अजित पवार और खुद खुद इस दर्दनाक घटना के लिए माफी मांगने के बावजूद विपक्ष के रुख पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस शासित कर्नाटक में इसी तरह की घटना का जिक्र किया, जहां दो जेसीबी का इस्तेमाल करके शिवाजी महाराज की मूर्ति को उखाड़ दिया गया था।

#### लोग इन्हें सबक सिखाएंगे

*शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के लोगों ने दो साल पहले ही ठाकरे कोउनकी जगह दिखा दी है। उन्होंने कहा कि लोग विपक्ष को सबक सिखाएंगे। औरंगजेब, जिसे शिवाजी को कैद करने और उनके बेटे संभाजी को फांसी पर चढ़ाने के लिए जाना जाता है, और अफजल खान, जिसे शिवाजी ने मारा था, मराठा इतिहास में विवादास्पद व्यक्ति हैं।*

#### 173 सीटों पर सहमति

*शिंदे, देवेंद्र और अजित पवार के बीच विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर चर्चा हुई। नागपुर में दिग्गज नेताओं के बीच अहम बैठक हुई। यहां इस साल के अंत में हो सकते हैं। सीटों के बंटवारे पर अंतिम मुहर 2-3 बैठकों के बाद लगेगी। बताया जा रहा कि 173 सीटों पर सहमति बन गई है। भाजपा सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ेगी।*

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)